RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम ➔ निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 250 पेज: 8 मूल्य 01 रु. | जयपुर, रविवार 2 अप्रैल, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


**सुविचार**

इतना तो मकड़ी भी अपने जाल में खुद नहीं उलझती जितना आदमी अपने ख्यालों में उलझ जाता है..

# खेल मंत्री चांदना के खिलाफ षड्यंत्र

## सवाल मांग रहा जवाब : हिंडोली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो में कौन अड़ा रहा है टांग



## अपने कार्यो की कार्यशैली को लेकर काफी चर्चा में मंत्री चांदना

गरीबों का सितारा

**राजनीतिक संवाददाता, जयपुर।** खेल मंत्री अशोक चांदना और वन विभाग के डीएफओ टी. राजमोहन के बीच आपस में टकराव होने का मामला प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया में भी काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तरफ वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी चांदना के खिलाफ लामबंद होने लगे हैं तो दूसरी तरफ जोरों से जन चर्चा है कि आखिर किसके इशारे पर वन विभाग के अधिकारी चांदना के निर्वाचन क्षेत्र के विकास कामों में बार-बार रोड़ा अटका रहे हैं ? आखिर क्यों वन विभाग चांदना के पोलिटिकल कैरियर को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है ? आखिर, क्यों अशोक चांदना को बूंदी जिलाधीश कार्यालय में आयोजित मीटिंग में वन विभाग के डीएफओ राजमोहन को यह कहना पड़ा कि वह उनके निर्वाचन क्षेत्र के विकास कामों में रोड़ा खड़ा क्यों कर रहे हैं ? आखिर वह कौन है जो पर्दे के पीछे बैठकर चांदना को उनके ही निर्वाचन क्षेत्र के लोगों में नीचा दिखाने की कोशिशों में जुटा हुआ है ? इस तरह की जन चचाएं हिंडोली क्षेत्र के लोगों में आजकल खूब सुनने को मिल रही है।

सितारा न्यूज नेटवर्क पालिटिक्स बिग स्टोरी

## चुनावी साल में जनप्रतिनिधियों पर है जबरदस्त जनता का प्रेशर

प्रदेश में चालू साल के अंत में विधानसभा चुनाव आयोजित होने वाले हैं ऐसे में भाजपा -कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दलों के मौजूदा विधायकों पर लोगों का जबरदस्त प्रेशर है ' विधायक जानते हैं कि दोबारा से वह उसी स्थिति में विधायक चुना जाएगा जब वह लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरा हो इसलिए हर कोई विधायक अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर इन दिनों काफी गंभीर और चौकस नजर आ रहा है इसलिए हाल ही में जिस तरह से बूंदी जिलाधीश कार्यालय में आयोजित बैठक में खेल मंत्री चांदना अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास काम नहीं होने पर ही वन विभाग के अधिकारियों पर गुस्सा निकाल रहे थे हालांकि उनकी भाषा पर सवाल खड़े होना लाजमी है लेकिन जनप्रतिनिधियों और अफसरों के बीच आपस में टकराव होने का विषय कोई नया नहीं है। मीटिंग में कई बार परिस्थितियां ही ऐसी बन जाती है कि जनप्रतिनिधियों और अफसरों में आपस में जोरदार टकराव के हालात ना चाहते हुए भी पैदा हो जाते हैं इसलिए चांदना और टी राजमोहन के बीच आपस में जो कुछ गलतफहमियां और टकराव के हालात बने वे परिस्थितियों के अनुसार बने इसलिए इस मामले में किसी एक को दोषी बताना ठीक नहीं होगा कहीं ना कहीं दोनों ही पक्षों की ओर से गलतियां हुई है जिसकी वजह से टकराव के हालात बने। अकेले चांदना को दोषी बताना और वन विभाग के कर्मचारियों का चांदना के खिलाफ प्रदर्शन करना किसी भी लिहाज से ठीक नहीं कहा जा सकता।



## खेल मंत्रालय को बुलंदी पर पहुंचाने वाले मिनिस्टर के निर्वाचन क्षेत्र से वन विभाग को क्यों है नफरत

अशोक चांदना हिंडोली से दूसरी बार लगातार विधायक चुने गए हैं ' प्रदेश में खेल मंत्री के तौर पर उन्होंने जो करिश्माई काम किया है उससे प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तो खुश है ही इसके अलावा विभिन्न खेलों के खिलाड़ी और खेल प्रेमी जनता भी चांदना से काफी प्रभावित हैं। गहलोत सरकार में चांदना की गिनती श्रेष्ठ मंत्रियों में होती है लेकिन पिछले दिनों जिस तरह से जिलाधीश कार्यालय में उन्होंने वन अधिकारी टी राजमोहन को यह कहा कि आप मेरे निर्वाचन क्षेत्र के विकास कामों में रोड़ा अटका रहे हो तो चांदना के इन शब्दों को सुनकर ऐसा दिख रहा है कि चांदना किसी एक पर्टिकुलर फाइल को लेकर डीएफओ से नाराज नहीं थे बल्कि संबंधित डीएफओ की कार्यशैली, व्यवहार की शिकायतों की एक लंबी फेहरिस्त उनके पास पहले से ही थी लेकिन वे डीएफओ को लेकर लंबे समय तक चुप बैठे रहे लेकिन जब उन्हें यह लगा कि डीएफओ उनके निर्वाचन क्षेत्र के विकास कामों के लिए बड़ी बाधा बन गए हैं तब जाकर उन्होंने डीएफओ को भला बुरा कहा ' इस मीटिंग से पहले चांदना और डीएफओ के बीच किसी भी तरह का कोई मतभेद होने की बात भी नहीं कहीं जा रही है तो फिर ऐसी कौन सी वजह है जिसकी वजह से डीएफओ राजमोहन चांदना के निर्वाचन क्षेत्र के विकास कामों के रास्ते पर कांटे बिछा रहे हैं, लोगों में चर्चा यह भी है कहीं फॉरेस्ट ऑफिसर राजमोहन पर कोई बड़ा पॉलीटिकल प्रेशर तो नहीं है जिसकी वजह से वह चांदना के निर्वाचन क्षेत्र के साथ नाइंसाफी कर रहे हो ताकि चांदना की छवि हिंडोली के लोगों में धूमिल हो सके ' वर्तमान में वन मंत्री हेमाराम चौधरी हैं और हेमाराम चौधरी सचिन पायलट के समर्थक माने जाते हैं। पूर्व में अशोक चांदना भी पायलट समर्थक माने जाते थे लेकिन गहलोत सरकार पर आए संकट के दौरान चांदना गहलोत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे जिसके बाद से ही पायलट समर्थकों की आंखों में चांदना बुरी तरह से खटक रहे हैं जिसकी झलक पूर्व में पुष्कर में गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की अस्थि विसर्जन समारोह में देखने को मिली थी

- *जब पायलट समर्थक लोगों ने चांदना की जबरदस्त खिलाफत की थी इसलिए अब जिस तरह से वन विभाग की ओर से चांदना के निर्वाचन क्षेत्र के विकास कामों में रोड़ा खड़ा किया जा रहा है उससे लोगों में चर्चा है कि फॉरेस्ट ऑफिसर राजमोहन को मोहरा बनाकर कोई पर्दे के पीछे बड़ा गेम खेलकर चांदना की छवि को उन्हीं के निर्वाचन क्षेत्र में धूमिल करने का प्रयास कर रहा है।*

## गहलोत बोले- डॉक्टर्स के बीच चार-पांच गद्दार

### RSS की लॉबी डॉक्टरों को बर्बाद कर रही ; लोग परेशान हो रहे हैं




गरीबों का सितारा

**कोटा।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आरएसएस की लॉबी डॉक्टरों को बर्बाद कर रही है। उनको गुमराह कर रही है। गहलोत शनिवार को कोटा में एयरपोर्ट पर मीडिया से बात कर रहे थे। गहलोत ने कहा- डॉक्टरों को अहम छोड़ना चाहिए। कुछ लोगों ने गलतफहमी पैदा की है। डॉक्टरों की चीफ सेक्रेटरी और फाइनेंस सेक्रेटरी से खुलकर बात हुई। जो सुझाव दिए वो सब मान लिए। उसके बाद भी डॉक्टरों में चार-पांच गद्दार लोग थे। उन्होंने एतराज जताया। वो फ्रर से जुड़े थे। गहलोत ने कहा- गद्दार के चक्कर में डॉक्टर एक हो जाते हैं। अब नेतागिरी कर रहे हैं। लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तो बिल पास हुआ है। नोटिफिकेशन जारी होगा। तब कानून लागू होगा। नियम कायदे बनने बाकी है। डॉक्टरों की जो गलतफहमी होगी। उनको दूर कर लेंगे। राइट टू हेल्थ बिल जनता के हित में है। डॉक्टरों को अपनी जिद छोड़कर आंदोलन खत्म करना चाहिए। इधर, कोटा के उम्मेद सिंह स्टेडियम में हुए संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में गहलोत ने कहा- आज लोकतंत्र खतरे में है। इस कारण पूरा विपक्ष एकजुट हुआ है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता निलंबन पर लोकसभा अध्यक्ष को जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए थी। उन्हें निष्पक्ष रहना चाहिए था। गहलोत ने कहा कि सरकार बदलती रहती है। सरकार बदलने का अधिकार कांग्रेस ने दिया है। कांग्रेस ने लोकतंत्र बचाया है। ऐसा नहीं है कि हमेशा कांग्रेस की ही सरकार रहेगी। हमें गर्व होना चाहिए कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की चुनौती को निभाया और कामयाब रहे। आज चुनाव आयोग ज्यूडिशियरी इन सब पर दबाव है और देश में तनाव का माहौल है। गहलोत ने चंबल नदी पर बनाए रिवर फ्रंट की तारीफ की। उन्होंने कहा कि गुजरात मे ऐसा रिवर फ्रंट मोदी भी नहीं बना पाए। उन्होंने शांति धारीवाल को कोटा का आर्किटेक्ट बताते हुए शहर में हुए कामों की भी तारीफ की।

## मोदी ने रानी कमलापति-निजामुद्दीन वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाई

### कहा- मेरी छवि खराब करने के लिए कुछ लोगों ने 2014 से सुपारी दे रखी है



गरीबों का सितारा

**भोपाल।** प्रधानमंत्री मोदी ने वंदे भारत ट्रेन में स्कूली बच्चों से संवाद भी किया। इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। हमारे देश में कुछ लोग हैं, जो 2014 के बाद से ही ये ठानकर बैठे है, उन्होंने अपना संकल्प घोषित किया है कि वे मोदी की छवि को धूमिल करके रहेंगे। इसके लिए उन्होंने तरह-तरह के लोगों को 'सुपारी' दे रखी है। इन लोगों का साथ देने के लिए कुछ लोग देश के भीतर हैं और कुछ बाहर भी बैठकर अपना काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भोपाल में ये बातें कही। PM मध्यप्रदेश की पहली और देश की 11वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने भोपाल आए थे। यह ट्रेन रानी कमलापति से रोज सुबह 5:40 बजे रवाना होगी और दोपहर 1:10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन झांसी, ग्वालियर और आगरा स्टेशन पर रुकेगी। जबकि निजामुद्दीन स्टेशन से दोपहर 2:40 बजे निकलकर रात 10:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

- जिस ट्रेन को ढट नें झंडी दिखाई है वह आज आगरा तक जाएगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 2 अप्रैल को निजामुद्दीन से रानी कमलापति आएगी। 3 अप्रैल को फिर रानी कमलापति से निजामुद्दीन जाएगी। इसी दिन से ये नियमित हो जाएगी।
- इसके लिए टिकट बुकिंग भी शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी आज सुबह 9:30 बजे भोपाल पहुंचे और सीधे कमांडर कॉन्फ्रेंस में शामिल होने कुशाभाऊ ठाकरे हॉल पहुंचे।
- वे यहां करीब 4 घंटे रुके और इसके बाद दोपहर 3:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ढट ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर तंज किया। उन्होंने कहा- जब यह कार्यक्रम तय हुआ।


"सितारे का साथ-आपके हाथ"

अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी

आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी

अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध

अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...

Log in करें : www.garibonkasitara.com

अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करें...

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

| पूर्वानुमान> | | रवि | सोम | मंगल | बुध |
|---|---|---|---|---|---|
| 25° | अधिकतम> | 30°c | 32°c | 31°c | 29°c |
| | न्यूनतम> | 18°c | 18°c | 19°c | 17°c |

# श्री भवानी निकेतन महिला महाविद्यालय द्वारा कोच हीरानंद कटारिया और सोनू यादव का भव्य स्वागत

## भवानी कॉलेज को कटारिया ने दिए अनेकों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, हीरानंद कटारिया यहां विगत 27 वर्षों से नि:शुल्क कोचिंग दे रहे हैं

गरीबों का सितारा








**जयपुर।** हाल ही में हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान महिला कबड्डी टीम की सदस्य सोनू यादव ने कांस्य पदक जीतकर राजस्थान ओर अपने कोच हीरानंद कटारिया व कॉलेज भवानी निकेतन का नाम रोशन किया। श्री भवानी निकेतन महिला महाविद्यालय की कबड्डी खिलाड़ी सोनू यादव और कोच हीरानंद कटारिया का भवानी निकेतन कॉलेज द्वारा माला पहनाकर बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। श्री भवानी निकेतन महिला महाविद्यालय की प्राचार्य मीना राठौर ने बताया कि हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भवानी कॉलेज की महिला कबड्डी टीम की खिलाड़ी सोनू यादव ने कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का और राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। प्राचार्य महोदया ने कोच अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी महाराणा प्रताप एवं गुरु वशिष्ठ अवॉर्डी हीरानंद कटारिया के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। ओर कहा कि कोच हीरानंद कटारिया यहां विगत 27 वर्षों से निःशुल्क छात्राओं को कबड्डी की कोचिंग देकर एक नया आयाम स्थापित किया। इनके प्रशिक्षण से महाविद्यालय से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाडी निकले जिनमें एशियन खेलों की 2014 गोल्ड मेडलिस्ट सुमित्रा शर्मा, शालिनी पाठक जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कटारिया ने दिए। हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और ऐसे ही हमारी छात्राओं को प्रशिक्षण देकर राज्य और देश का गौरव बढ़ाते रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सरोज शर्मा भी उपस्थिति थी। सोनू यादव ने दूसरी बार पदक जीतकर पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया है। अधिक जानकारी में मीना राठौर ने कहा कि कटारिया सभी खिलाड़ियों के हितेषी है वह कबड्डी के साथ-साथ अन्य खेलों के खिलाड़ियों की भी हर संभव मदद करने की कोशिश करते हैं चाहे खिलाड़ियों के रहने खाने या खेल सामग्री क्यों ना हो उनकी हर संभव मदद करते हैं। राजस्थान के अन्य लोगों से भी में अनुरोध करना चाहूंगी कि कटारिया जैसे आगे आते हैं खिलाड़ियों के लिए वैसे हम सब को भी आगे आकर खिलाड़ियों की हर संभव मदद करनी चाहिए।

## पंचांग

**दिनांक 02अप्रैल 2023 रविवार**
**विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | द्वादशी | अहोरात्र | |
| पक्ष | शुक्ल | | |
| नक्षत्र | मघा | 31:22:37 | |
| योग | शूल | 27:19:19 | |
| करण | बव | 17:23:59 | |
| चन्द्र राशि | सिंह | | |
| सूर्य राशि | मीन | | |
| दिशा शूल | पश्चिम | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:18:18 | |
| सूर्यास्त | 18:43:02 | | |
| चंद्रोदय | 15:25:29 | | |
| चंद्रास्त | 28:49:02 | | |
| राहू काल | 17:10-18:43 | | |
| अभिजित | 12:07-12:56 | | |
| शुभ चोघडिया | | | |
| चर | 07:51-09:24 | | शुभ |
| लाभ | 09:24-10:58 | | शुभ |
| अमृत | 10:58-12:31 | | शुभ |
| शुभ | 14:04-15:37 | | शुभ |



विशेष जानकारी:-
विष्णु द्वादशी:-आज
प्रदोष व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

# सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास गांधीनगर में दिव्यांग जनों को निशुल्क 77 स्कूटी वितरण की

गरीबों के सितारा





**युवराज शर्मा, अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसार शनिवार को राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास गांधीनगर में दिव्यांगजनों को निशुल्क स्कूटी वितरित की। स्कूटी के साथ हेलमेट एवं स्कूटी के पंजीकरण की पूर्ण कार्यवाही दिव्यांगजनों को प्राप्त करवाई गयी। मंत्री टीकाराम जूली ने दिव्यांगजनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और लाभार्थियों को बधाई दी। उन्होंने लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा की राजस्थान के प्रत्येक दिव्यांगजन को स्कूटी मिल पाए इस क्रम में प्रथम पारी में 77 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित की जा रही है इससे 77 लोग नहीं बल्कि 77 परिवारों के जीवन में नयी रोशनी आएगी। उन्होंने कार्यक्रम में आये दिव्यांगजनो को सूचित करते हुए कहा की शेष दिव्यांगजन शीघ्र पंजीकरण कर राज्य सरकार की योजाना का लाभ उठाए। उन्होंने कहा की दिव्यांगजनों को दी जा रही स्कूटियों का सही उपयोग कर आत्मनिभर बने और अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया की राज्य सरकार की योजनाओ का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ ले पाए। उन्होंने विभिन्न उदाहरण देकर लाभार्थियों का उत्साह बढ़ाया और सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही राज्य सरकार की योजनाओ की जानकारी दी। उन्होंने कहा की राज्य सरकार दिव्यांगजनों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील है। कार्यक्रम में आयुक्त उमा शंकर शर्मा, शासन सचिव डॉ. समित शर्मा एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राम काज हित प्रकट भे, वीर बलि हनुमान...

गरीबों का सितारा

**बांदीकुई, हेमंत शर्मा** शहर में हनुमान जन्मोत्सव पर प्रथम बार बांदीकुई की धरा पर श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने हेतु युथ जहाज मित्र मंडल के तत्वावधान में व समस्त आमजन बांदीकुई के द्वारा आयोजित होने वाले हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा को धूमधाम से मनाए जाने के लिए आज युथ जहाज मित्र मंडल व आमजन के सहयोग से शहर के वार्ड 34,35 से पीले चावल बाटने की शुरूआत करते हुए लोगो को 6 अप्रैल 2023 को हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में अपने समस्त परिवार सहित आने हेतु निवेदन किया गया, जहाज मित्र मंडल के वरिष्ठ सदस्य रमाकान्त शर्मा व युथ जहाज मित्र मंडल के जीतू हरियाणा ने बताया कि श्री हनुमान जी महाराज जो अजर अमर है जिनकी शोभायात्रा को व्यापक और भव्य रूप में हम सभी को बनाना है इस लिए बांदीकुई शहर के 40 वार्डो में युथ जहाज के सदस्य व आमजन सहयोग से टोलिया बनाकर संपर्क कर व घर घर पीले चावल बाट कर अधिक से अधिक संख्या में लोगो को शोभायात्रा से जुड़ने हेतु निवेदन किया जा रहा है। युथ जहाज के मोहित जाकड, देवेश चौबे ने बताया कि शोभायात्रा में अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने हेतु दस दस सदस्यों की टीम बनाकर घर घर पीले चावल वितरित कर लोगो को शोभायात्रा से जुड़ने हेतु निवेदन किया जा रहा है , वार्डो की टीम बनाकर पीले चावल बांटने का कार्य होने के बाद शहर के व्यापारिक मंडलो को भी अधिक





से अधिक संख्या में जुड़ने हेतु व शोभायात्रा का भव्य स्वागत करने के लिए 6 अप्रैल तक संपर्क किया जाएगा। इस अवसर पर रमाकान्त शर्मा, पार्षद, अशोक अवस्थी, जीतू हरियाणा, मुरारी जैमन, विजेंद्र राजपूत , गोकुल अवस्थी, सुनील शर्मा, राहुल तिवारी, अवदेश शर्मा, भोला राजपूत, संदीप पटेल, रूपेश फौजी, मनोज पाडला, देवेश चौबे, मोहित जाकड, शैलेन्द्र अग्रवाल, सम्मी गुर्जर, अजय हरियाणा, आशीष शर्मा सौरभ हरियाणा, छोटु शर्मा,सहित अन्य ने मिलकर घर घर सम्पर्क किया व पीले चावल देकर शोभायात्रा हेतु निमंत्रण दिया।

## हुनर को अवसर और उचित मार्गदर्शन मिलने पर ही महिलाएं होंगी सशक्त : प्रेम नौलखा



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** नोखा रोड स्थित हंशा गेस्ट हाउस में आयोजित दो दिवसीय श्री उत्सव का समापन उल्लास के साथ हुआ। तेरापंथ महिला मंडल बीकानेर अध्यक्ष प्रेम नौलखा ने कहा कि महिलाओं के हुनर को यदि मंच दिया जाए और उचित मार्गदर्शन मिले तो किसी भी क्षेत्र में वे पीछे नहीं रहेंगी। मंत्री अंजू बोथरा ने बताया कि शुक्रवार व शनिवार को आयोजित हुए इस श्री उत्सव में महिला विक्रेताओं को आर्थिक संबल मिला वहीं नगर के उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे वाजिब दामों में घरेलू उत्पाद मिले। खास बात यह रही की शहर के गणमान्यों ने मेले में शिरकत कर आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। श्रीउत्सव में राखी चौरडिा, शांता भूरा, प्रतिभा सेठिया व चंद्रकला महात्मा की प्रमुख सहभागिता रही।

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

## जयपुर के सांगानेर स्टेडियम पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



गरीबों का सितारा

**रुपेश शर्मा, अलवर।** कांग्रेस प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया की अलवर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह, कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, मेवात विकास बोर्ड के चेयरमैन जुबेर खान, जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा एवं समस्त विधायकगण के नेतृत्व में अलवर जिले से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन सम्मेलन में भाग लेने जयपुर पहुंचें। सम्मेलन को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रभारी राजस्थान सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिह डोटासरा ने संबोधित किया। अलवर जिले से मंत्री टीकाराम जूली, कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, राज्य मंत्री जुबेर खान, विधायक जोहरी लाल मीणा, दीपचंद खेरिया, संदीप



यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, अवदेश बैरवा, कृष्ण मुरारी गंगावत, आर सी यादव, अजित यादव, कविता यादव, गिरीश डाटा, ललित यादव, बलराम यादव, संजय यादव, श्वेता सैनी, शादी खान, जगदीश बेनीवाल, प्रधान जाकिर हुसैन,बी पी सुमन, रोहिताश चौधरी, हरिशंकर रावत, सूरजमल कर्दम, रामस्नेही शर्मा, साजिद खान,रमन सैनी,जयदीप आर्यन, प्रीतम मेहँदीरत्ता, राधेश्याम मीणा, अख्तर खान, सावित्री मीणा, राजेश विरानी, गोपाल जायसवाल, प्रमेन्द्र शर्मा, सोनू गोपालिया, के.के.खंडेलवाल, अखिलेश कौशिक, राहुल मीणा, नारायण साईंवाल, राजेश सैनी, वैभव नरुका, संजय शुक्ला, मनीष कोली, डालचंद वर्मा,जयराम गुर्जर, अब्दुल खान, गोपाल तिवाड़ी, नरेंद्र मीणा मालाखेड़ा, संजय शर्मा, विजय वर्मा, नरेंद्र मीणा, हिम्मत चौधरी,हाजी उस्मान खान, सुभाष सवाल, ओमप्रकाश सैनी, रुपेंद्र शर्मा, नितिन धाकड आदि शामिल हुए।

# सदस्य (अवसंरचना) रेलवे बोर्ड आर. एन. सुंकेर का उत्तर-पश्चिम रेलवे दौरा



गरीबों का सितारा

**जयपुर ।** आर.एन. सुंकेर, सदस्य (अवसंरचना), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली शनिवार को उत्तर पश्चिम रेलव के दो दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे। अपने दौरे के दौरान आर.एन. सुंकेर ने गुढ़ा के निकट बन रहे। आरडीएसओ के डेडिकेटेड टेस्ट ट्रेक का निरीक्षण किया तथा उत्तर पश्चिम रेलवे पर चल रही निर्माण परियोजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा बैठक की। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार आर.एन. सुंकेर, सदस्य (अवसंरचना), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली शनिवार को उत्तर पश्चिम रेलव के दो दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे। दिनांक 01.04.2023 को आर.एन. सुंकेर ने जयपुर से गुढ़ा तक रेलमार्ग का निरीक्षण किया तथा गुढ़ा में देश के प्रथम आरडीएसओ के डेडिकेटेड टेस्ट ट्रेक का भी निरीक्षण किया। आर.एन. सुंकेर ने निरीक्षण में टेस्ट ट्रैक की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा लक्ष्यानुसार पूरा करने के लिए अधिकारियों को दिशानिर्देश प्रदान किए। दौरान उनके साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर, मण्डल रेल प्रबंधक-जोधपुर तथा मण्डल रेल प्रबंधक-जयपुर भी साथ में रहें। निरीक्षण के पश्चात आर.एन. सुंकेर, सदस्य (अवसंरचना), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में समीक्षा बैठक की, जिसमें उत्तर पश्चिम रेलवे पर निर्माण परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे पर स्टेशनों के रि-डेवलपमेंट कार्यों की प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में विजय शर्मा, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने उत्तर पश्चिम रेलवे के कार्य निष्पादन से अवगत करवाया। उत्तर पश्चिम रेलवे ने इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2022-23 में 140 किलोमीटर नई लाइन, आमान परिवर्तन व दोहरीकरण का कार्य पूरा किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के कार्य निष्पादन पर सदस्य (अवसंरचना) ने प्रसन्नता जताई और आगामी वर्ष में भी निर्माण परियोजनाओं को लक्ष्यानुसार पूरा कर यात्रियों को अधिक अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दिशानिर्देश दिए। बैठक में गौतम अरोरा, अपर महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे, विभागाध्यक्ष एवं अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे। आज आर.एन. सुंकेर, रींगस स्टेशन का निरीक्षण करेंगे।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# मिसाल बना परिवार, एक रुपए का शगुन लेकर की विवाह की चंहुओर हो रही प्रशंसा





## राजस्थानी परंपरा को अपनाने का दिया संदेश

गरीबों का सितारा



**रामगढ़ पचवारा (नवल कामदार)।** रामगढ पचवारा के ग्राम पंचायत अमराबाद में हुई एक शादी के दौरान वर पक्ष की ओर से दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को खत्म करने की पहल की गई। वर पक्ष ने शगुन के रूप में केवल 1 रुपैया और नारियल शगुन स्वीकार किया।जानकारी के अनुसार रामगढ़ पचवारा के अमराबाद निवासी प्रहलाद मीणा भामाशाह के पुत्र विनोद मीना की शादी रायमलपूरा निवासी रेवडमल मीना की पुत्री अनीता मीणा के साथ हुई। शगुन में 1 रुपए और नारियल लेकर शादी के खाए सात फेरे, दहेज मुक्त शादी का दिया संदेश, शादी में वर व वधू पक्ष में आपसी सहमति से समाज की कुरीतियां मिटाने और शादी समारोह को पूर्णतया दहेज प्रथा मुक्त बनाने को संकल्प लिया।राजस्थानी संस्कृति को अपनाने का दूल्हे ने दिया संदेश. बरात में दूल्हा सहित बराती बैल गाड़ी, घोड़ा गाड़ी, ऊंट गाड़ी, को रंग बिरंगी पोशाको से सजी गई। गाड़ियों को बरात लेकर रवाना हुए। विशाल बरात को देखने के लिए लोगों का सड़कों जमावड़ा लग गया। दर्जनों बैलगाड़ी, घोड़ा गाड़ी, ऊंट गाड़ियों से निकलती बारात एक राजस्थानी संस्कृति का एक उदाहरण पेश कर रही थी। शादी में बैल गाड़ी, ऊंट गाड़ी ,घोड़ा गाड़ी पर बरात लेकर चलने का उद्देश्य भी था कि राजस्थान में राजस्थानी संस्कृति थी जो वह धीरे-धीरे खत्म होती जा रही थी। और उसी के साथ यह जानवर भी कई जगह से विलुप्त होते जा रहे थे। इनका विलुप्त होने का कारण इनके हितेषी ना होने का कारण रहा। और पहले के समय में राजस्थानी संस्कृति होती थी जिसमें दूल्हा बरात में बैल गाड़ी ऊंट गाड़ी घोड़ा गाड़ी ऐसे कई साधनों से लेकर जाता था यह संस्कृति समाज में खत्म होती जा रही है। उसी को ध्यान में रखते हुए दूल्हे के पिता प्रहलाद मीना भामाशाह ने समाज से धीरे-धीरे खत्म होती जा रही राजस्थानी संस्कृति को बचाने और लोगों को और समाज में जागरूक करने के लिए पाली जिले से बैलगाड़ी ऊंट गाड़ी सहित घोड़ा गाड़ी मंगाकर बरात निकालने से समाज के लोगों में जागरूकता और राजस्थानी संस्कृति को बचाने का संदेश दिया।

**दूल्हे के पिता का लोगों को एक संदेश**

राजस्थान में कई जगहों पर ऊंट बैल की संख्या बहुत कम होती जा रही है इसका कारण इन जानवरों का कोई हितेषी ना होना माना जाता है। पहले के समय में इन जानवरों का उपयोग लोगों द्वारा कामकाज सहित शादी विवाह समारोह लोगों का प्रिय वाहन होता था। जो कि इस समय में अब उनकी जगह कार मोटरसाइकिल जैसी आदि वाहनों ने ले लिए। इसका कारण यह भी रहा है कि अब हमारे राजस्थान का जहाज जो कि ऊंट को कहां जाता है। जिसकी राजस्थान में अब कई जगह पर संख्या इतनी कम हो गई है कि कई जगहों पर तो अब यह दिखना भी बंद हो गए। दूल्हे के पिता ने बारात में बैलगाड़ी ऊंट गाड़ी घोड़ा गाड़ी में बरात निकालकर और राजस्थानी संस्कृति को बचाने और निखारने का एक संदेश दिया।

**आकर्षण का केंद्र बनी विशाल बारात बेल, ऊंट, घोड़ा, गाड़ी से निकाली बारात**

विशाल बरात को देखने की उमड़ी भीड़ बरात में जमकर आतिशबाजी की गई जिससे रात में आसमान रोशनी से चमक उठा बारात को अमराबाद से रायमलपूरा पहुंचने में तीन घंटे का वक्त लगा। जिसमें बरात में 8 किलोमीटर का सफर तय किया। इसमें बाराती तैयार होकर ऊंट गाड़ियों, बैल गाड़ीयो, घोड़ो गाड़ी पर सवार हो गए। दूल्हा बैल गाड़ी में सवार होकर चल रहा था। बराती भी ऊंट गाड़ियों, बैलगाड़ी घोड़ा गाड़ी पर सवार होकर नाचते झूमते नजर आए।

**राजस्थानी संस्कृति से है लगाव**

दूल्हे के पिता प्रहलाद मीना भामाशाह निवासी अमराबाद ने अपनी मेहनत और लगन से कामयाबी का एक मुकाम हासिल किया । जो वह करना चाहते थे। राजस्थान के दौसा जिले के रामगढ़ पचवारा के गांव अमराबाद से निकलकर गुजरात जाकर अपनी मेहनत और सफलता की सीढ़ी चढ़ी और अपना नाम उद्योगपतियों में शामिल करवाया। लालसोट विधानसभा क्षेत्र प्रहलाद मीना को लोग प्रहलाद भामाशाह के नाम से जानते हैं क्योंकि वह कभी भी जरूरतमंदों के साथ खड़े हो जाते हैं समाज सेवा के रूप में उनकी छवि बनी है। क्षेत्र में अपने स्तर से कार्य कर लोगों कि मदद करने में आगे रहते हैं। लालसोट विधानसभा क्षेत्र में पीले चावल बांटकर अपने पुत्र के विवाह में शामिल होने का निमंत्रण, प्रहलाद मीणा भामाशाह ने अपने पुत्र की शादी के लिए लालसोट विधानसभा क्षेत्र के हर घर वह ढाणियों में जाकर पीले चावल बांटकर हजारों लोगों को शादी का निमंत्रण दिया, विवाह कार्यक्रम में दिखा लोगों का जनसैलाब विवाह समारोह में की हजारों लोगों ने शिरकत। विवाह समारोह में लोगों सहित नेताओं व ऑफिसरों ने विवाह में शिरकत की।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## प्रदेश प्रभारी जरीना खान ने पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र व आई डी कार्ड किए वितरित



गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन की राजस्थान प्रदेश प्रभारी जरीना खान द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के निर्देशन मे शनिवार को कोटा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्दा बरवाडिया, कोटा जिलाध्यक्ष लक्की गोयल, कोटा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद मीना एवं जिला महासचिव सरिता सोलंकी का फूल माला पहनाकर सम्मान किया ' साथ ही संगठन के पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र एवं संगठन का पहचान पत्र ( आई डी कार्ड ) देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## एडवोकेट रजनीश कटारा भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक नियुक्त

गरीबों का सितारा



**लक्ष्मणगढ़ (अलवर)।** लक्ष्मणगढ़ (अलवर) भाजपा विधि प्रकोष्ठ अलवर दक्षिण के जिला संयोजक पंकज यादव ने विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ड़ॉ. प्रवीण खंडेलवाल व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की सहमति से मौजपुर निवासी एडवोकेट रजनीश कटारा को भाजपा विधि प्रकोष्ठ मंडल लक्ष्मणगढ़ का संयोजक नियुक्त किया गया है।

## भाविप द्वारा श्री माधव गौ उपचार केन्द्र पर की गई गौ सेवा



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय भारत विकास परिषद शाखा के स्थाई प्रकल्प एकादशी पर गौशाला में सेवा एवं चारा व्यवस्था के अंतर्गत श्री माधव गौ उपचार केंद्र पर गौ सेवा की गई। महिला प्रमुख ज्योति दिनवानी के सानिध्य में मातृशक्ति परिषद उपाध्यक्ष भगवती मूंदड़ा, सुनीता सोनी, प्रांतीय प्रभारी के डी मिश्रा, गोपाल स्वरूप वर्मा, किशोर राजपाल, दिनेश राजपुरोहित, अमित आत्रेय, प्रेम चंद सिंधी गुड्डू भाई आदि मौजूद रहे । चारे की व्यवस्था गोपाल स्वरूप सोनी परिवार की और से की गई। उपचाररत गौमाता हेतु वर्ष पर्यन्त दवाइयों की व्यवस्था परिषद के राठी परिवार की ओर से की गई। परिषद द्वारा गौ सेवा प्रकल्प में योगदान हेतु प्रहलाद राठी, संजय राठी और संदेश राठी का आभार जताया गया।

## युवक की हत्या के आरोपी को 24 घण्टे में किया गिरफ्तार




गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा (बहरोड़)।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के बाद फरार चल रहे आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी सुनीलाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मार्च को पीपली निवासी शरीफ खा ने मामला दर्ज करवाया कि मेरा लड़का महबूब प्राइवेट स्कूल की बस चलाता है। और घर पर बाइक की दुकान कर रखी है। सुबह 9 बजे घर से स्कूल की बस चलाने के लिए आया था। दोपहर 2 बजे बाहर आया तो मेरे लड़के के साथ कमलेश ड्राइवर योगेंद्र, सतीश ने मारपीट की तब मेरा लड़का इनसे छुटाकर अपने घर को चला तो गाड़ी इको जिनको कमलेश चला रहा था व उनके साथ योगेंद्र सतीश बैठकर आए और साइड में चल रहे मेरे लड़के को मारने के इरादे से गाड़ी चढ़ा दी। जिससे मेरे लड़के की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना के संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों में घटना का अवलोकन कर तकनीकी सहायता से मोहलड़िया एरिया हाईवे के ढाबो से आरोपी कमलेश कुमार पुत्र महा नारायण यादव 27 वर्षीय निवासी उत्तर प्रदेश प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। साथ ही बताया कि आरोपी व मृतक के आपस में बातों बातों में झगड़ा हो गया जिस पर मृतक व आरोपी में आपस में धक्का मुक्का से मारपीट हुई जिस पर आरोपी ने मृतक के ऊपर जानबूझकर मारने की नियत से अपनी इको कार से टक्कर मारकर हत्या कर दी व मौके से फरार हो गया था।

## श्रद्धालुओं से भरी बस व ट्रेलर में हुई भिंड़त, दर्जन भर लोग हुए घायल

### घायलों की मदद को दौड़ी राकेश जयपाल की रक्तदान टीम





गरीबो का सितारा



**बहरोड़ (वी. पी. मीणा)।** दिल्ली से सीकर खाटूश्याम मंदिर को दर्शन करने जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस की शनिवार सुबह ट्रेलर से भिड़ंत होने से दर्जन भर श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पूलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से कस्बे के पार्क अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस दौरान हाइवे पर वाहनों के लंबे जांम को खुलवाकर वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से चालू करवाया गया । पार्क अस्पताल इमरजेंसी प्रभारी जितेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में घायल 11 व्यक्ति अस्पताल में भर्ती हुए है जिनमे से एक 21 वर्षीय दिल्ली निवासी हर्ष गंभीर रूप से घायल है जिसके हाथ,पैर सहित पेट मे गंभीर चोटें आई है। उसके अलावा सभी घायल नॉर्मल है। जिनमे 22 वर्षीय राहुल, 45 वर्षीय सुरेश, 43 वर्षीय ओमप्रकाश, 15 वर्षीय मास्टर जयंत, 51 वर्षीय धर्मपाल, 35 वर्षीय सुमन, 26 वर्षीय ज्योति, 32 वर्षीय ज्योति खोली, 30 वर्षीय राजकुमार, 65 वर्षीय राधा रानी को नॉर्मल चोटे आई है। अस्पताल में भर्ती घायलों को रक्त की आवश्यकता होने पर रक्तदाता राकेश जयपाल की टीम ने 20 यूनिट रक्तदान करके घायलों की मदद की है ।

## संभाग स्तरीय कांग्रेस सभा में सम्मिलित हुए कार्यकर्ता





गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा (बहरोड़)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता निरस्त किए जाने पर शनिवार को जयपुर में आयोजित संभाग स्तरीय सभा में बहरोड़ विधानसभा से प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव एडवोकेट पूर्व सांसद कर्णसिंह यादव के नेतृत्व में व डॉक्टर आरसी यादव द्वारा सैकड़ों की संख्या में सभा में सम्मिलित हुए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष प्रदीप यादव पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष अमीलाल सैनी, सुरेश चंद्र, सरपंच वेद कृष्णा, सरपंच कृष्ण कुमार मीणा, जगराम प्रजापत सरपंच मुकेश यादव, अजय यादव, जयपाल यादव, विक्रम यादव, सुरेंद्र एडवोकेट सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। आरसी यादव ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के जयपुर संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बहरोड़ के कांग्रेस कार्यकताओं के साथ शामिल हुआ। कांग्रेस के सभी कार्यकताओं में भारी जोश रहा।सभी ने एक स्वर में राजस्थान में कांग्रेस पार्टी को दुबारा सत्ता में लाने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा ने कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाते हुए राजस्थान में दुबारा कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाने की अपील की।

## श्री साईनाथ मंदिर में श्री खाटूश्याम व शनि देव की मूर्ति की हुई स्थापना





गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** नगर पालिका क्षेत्र के वैशाली नगर कॉलोनी रुपाहेली रोड़ स्थित श्री साईं धाम मंदिर में श्री खाटू श्याम जी की मूर्ति एवं शनि शिंगणापुर शिला की स्थापना विधि विधान से शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना के साथ की गई ! श्री साई उपासक डॉ. राजेश जोशी ने बताया कि पंडित गोपाल शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण मूर्ति स्थापना की गई ' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार रात को भजन संध्या एवं शनिवार को पूजा अर्चना के साथ मूर्ति स्थापित की गई ' इस दौरान श्रीपाल जागींड, रजनीश जोशी, अंकूर सोनी, धमीर्चंद जैन, कुलदीप वैष्णव सहित अनेक श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

## ग्राम गुडलियां में नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

### कैलाश राज सैनी के सानिध्य में हो रही पशुओं की नि:स्वार्थ भाव से सेवा

गरीबों का सितारा





**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** एमजेएफ वेटरनरी कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से शनिवार को चौमूं विधानसभा के ग्राम गुडलिया में बेजुबान पशुओं की सेवार्थ निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ ' शिविर एमजेएफ ग्रुप के चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी के सानिध्य में लगाया गया। सरपंच गिरधारी लाल मीणा ने कहा कि मुक पशुओं का इलाज कर कैलाश राज सैनी पुण्य का कार्य कर रहे हैं। हम सभी ग्रामवासी सैनी का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कैलाश राज सैनी निःशुल्क चिकित्सा शिविर के जरिये पशुओं की निःस्वार्थ भाव से सेवा करवा रहे है । शिविर प्रभारी डॉ सुनील कुमार बोगियां ने बताया कि शिविर में पशु चिकित्सक डॉ. अमर सिंह सैनी, डॉ दिलीप मीणा व पशुधन सहायक सुरज्ञान सेरावत ने शिविर मे चर्मरोग, फोड़ा, गर्भावस्था निदान, घाव, साधारण अपच, सूजन, लंगड़ापन, बांझपन, टिक संक्रमण, एनिस्ट्रस , चर्म रोग पेट रोग , डारिया आदि अन्य बीमारियों से ग्रस्त करीब 72 बीमार पशुओं का इलाज कर उनको दवा दी ।

**चौमूं एमजेएफ पशु चिकित्सकों का चमत्कारः** जानकारी के अनुसार कैलाश राज सैनी के सानिध्य में गांव गांव ढाणी ढाणी में शनिवार को निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है। ऐसा ही वाक्य जो विधानसभा के गांव गुडलिया में देखने को मिला। जहां पर एक गाय गंभीर बीमार अवस्था में सड़क पर पड़ी हुई थी। जब गांव वालों ने पशु चिकित्सकों को बीमार गाय के बारे में बताया तो पशु चिकित्सकों ने गाय का तुरंत उपचार किया। इसके बाद थोड़ी देर में गाय चलने फिरने लगी। इस नजारे को देखकर ग्रामीण वासियों ने पशु चिकित्सकों की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# एंटीबायोटिक्स के बेअसर होने के खतरे चिंताजनक

आज आधुनिक चिकित्सा क्षेत्र पर सुपरबग का खतरा मंडरा रहा है। जलवायु परिवर्तन के साथ दवा रेजिसटेंस सुपरबग के उदय को बढ़ावा दे रहा है। अगर सुपरबग्स की स्थिति पैदा हुई तो मॉडर्न मेडिसिन क्षेत्र के लिए इलाज करना बहुत मुश्किल होगा और मानव जीवन के सामने बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ेगा। यह चिंताजनक है। आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में सुपरबग्स के खतरे से निपटने के तरीकों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। मंगलवार को जारी की गई नई शोध रिपोर्ट के मुताबिक, एंटीबायोटिक्स के बेअसर होने की स्थिति पैदा हो सकती है। एंटीबायोटिक्स, एंटीवायरल, एंटीफंगल व एंटीपैरासिटिक्स दवाएं आधुनिक चिकित्सा पद्धत्ति की अहम अंग हैं। इनके बेसअर होने का मतलब है कि कई रोगों का इलाज कठिन हो जाएगा। चिकित्सा के दौरान बार बार एंटीबायोटिक्स के इस्तेमाल से इसके काम नहीं करने का खतरा बढ़ा है। अगर कोई एंटीबायोटिक्स काम ना करे, ऐसा तब होता है जब बैक्टीरिया उन्हें मारने के लिए डिज़ाइन की गई दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लेते हैं, आधुनिक चिकित्सा को जोखिम में डाल देते हैं, और रोज़मर्रा के संक्रमणों को घातक बना देते हैं। यह सुपरबग्स की स्थिति है। जलवायु परिवर्तन इन 'सुपरबग्स' के उद्भव और प्रसार को तेज कर रहा है, जो गर्म, गीली स्थितियों में पनपते हैं। लांसेट, कोक्रेन, ब्रिटिश जर्नल, साइंस आदि पत्रिकाओं में समय समय पर छपे लेखों के जरिये चिकित्सा विज्ञानी एंटीबायोटिक्स के प्रति शरीर में रेजिसटेंस बनने को लेकर कई वर्षों से आगाह कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई संस्थान सीएसआईआरओ के मुताबिक, सुपरबग्स की चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत निगरानी और सेंसिंग सिस्टम, पॉइंट-ऑफ-केयर डायग्नोस्टिक्स, नए टीके, और बेहतर खेतों, अस्पतालों और अन्य अधिक जोखिम वाले स्थानों के 'डिजाइन के माध्यम से रोकथाम' शामिल हैं। रोगाणुरोधी दवाएं हैं जिनका उपयोग मनुष्यों, जानवरों और पौधों में रोगाणुओं के कारण होने वाले संक्रमण को रोकने और इलाज के लिए किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध को शीर्ष दस वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक घोषित किया है। वर्तमान में अनुमान है कि यह हर साल दुनिया भर में सीधे तौर पर 12 लाख 50 हजार से अधिक मौतों का कारण बनता है, जिसका नुकसान अरबों डॉलर तक होता है। यह अनुमान है कि 2050 तक रोगाणुरोधी प्रतिरोध से हर साल एक करोड़ लोगों की मृत्यु हो जाएगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था को 100 खरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान होगा। हर साल समस्या विकराल होती जा रही है। समग्र उपचार में रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रकट होने से पहले भारतीय चिकित्सा जगत को इसके निदान पर कार्य करना चाहिए। यह पाया गया है कि उच्च तापमान मनुष्यों व जानवरों दोनों में जीवाणुओं में एंटीबायोटिक प्रतिरोध के विकास, संक्रमण और प्रसार को बढ़ावा देता है। बेअसर होती दवाओं को बदलने के लिए नई दवाएं बनाना उतना आसान नहीं है। नए एंटीबायोटिक्स की खोज एक धीमी और महंगी प्रक्रिया है। हमें एक अधिक समग्र रोगाणुरोधी प्रतिरोध दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें वर्तमान में हमारे पास मौजूद दवाओं की प्रभावकारिता और उपलब्धता की रक्षा करना और अभिनव समाधान खोजना शामिल है जिसे हम जल्द से जल्द लागू करना शुरू कर सकते हैं। सरकार को आगे आना चाहिए।



# क्या कांग्रेस का नवीनीकरण हुआ

रायपुर महाधिवेशन
प्रो. नीलम महाजन सिंह

बड़ा सवाल है कि क्या कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर में चले अपने 85वें अधिवेशन से जनता को बताने लायक कुछ खास मिला? क्या आज भी कांग्रेस विचारधारा, एक्शन प्लान, योजनाएं, सोशल इंजीनियरिंग आदि को लेकर वहीं खड़ी है, जहां वह एक दशक पहले थी? तुष्टिकरण के राजनीतिक प्रभाव क्या हैं? क्या राहुल गांधी की करीब चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा से मिले अनुभव कांग्रेस के एजेंडे में शामिल हुए? ऐसे सवाल इसलिए उठ रहे हैं कि मंथन दर मंथन करने के बाद भी कांग्रेस वो संदेश नहीं दे पा रही है जो जनता को कनेक्ट करे, भरोसा जगाए, दूसरे प्रतिद्वंद्वी दलों से आगे दिखाई दे।

आज बड़ा सवाल है कि कांग्रेस कहां लुप्त है? क्या कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर में चले अपने 85वें अधिवेशन से जनता को बताने लायक कुछ खास मिला? क्या आज भी कांग्रेस विचारधारा, एक्शन प्लान, योजनाएं, सोशल इंजीनियरिंग आदि को लेकर वहीं खड़ी है, जहां वह एक दशक पहले थी? तुष्टिकरण के राजनीतिक प्रभाव क्या हैं? क्या राहुल गांधी की करीब चार हज़ार किलोमीटर की पदयात्रा से मिले अनुभव कांग्रेस के एजेंडे में शामिल हुए? ऐसे सवाल इसलिए उठ रहे हैं कि मंथन दर मंथन करने के बाद भी कांग्रेस वो संदेश नहीं दे पा रही है जो जनता को कनेक्ट करे, उनमें भरोसा जगाए, बदल रहे भारत की आकांक्षा के अनुरूप एजेंडे सेट करे और दूसरे प्रतिद्वंद्वी दलों से सोच, रणनीति व एक्शन में आगे दिखाई दे। रायपुर में हुई मैराथन बैठक में यह बात स्पष्ट है कि नेहरू-गांधी परिवार का कांग्रेस पार्टी पर केंद्रीकरण बना रहेगा। सीडब्ल्यूसी में कार्यकारिणी समिति के चुनाव नहीं हुए। ऐसा है तो खरगे एपिसोड किस लिए बनाया गया?

84 वर्षीय मल्लिकार्जुन खरगे, के रूप में कांग्रेस के नए अध्यक्ष बनने से, तीन साल से खाली पड़े पद को तो भरा गया, लेकिन क्या वे गांधी परिवार के विमर्श के बिना फैसले लेने में सक्षम हैं? खरगे की कमान संभालने से पहले सोनिया गांधी अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर काम कर रही थीं। 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस के अंदर यह चुनाव ढर्रा परिपाटी व नए बदलाव के बीच था। कांग्रेसियों ने परिपाटी को ही तवज्जो दी। अब खरगे के सामने सिमट चुकी कांग्रेस को पटरी पर लाने की चुनौती है। देखने वाली बात है कि क्या वे ऐसा कर पाएंगे और क्या कांग्रेसी किसी गैर गांधी को अपना पाएंगे? क्या खरगे गांधी परिवार से स्वतंत्र होकर पार्टी चला पा रहे हैं या खुद को वफादार रखते हुए पार्टी के साथ न्याय कर पाएंगे? सबसे अहम सवाल है कि क्या गांधी परिवार खरगे को स्वतंत्र अध्यक्ष के तौर पर काम करने देगा और अब कांग्रेस में गांधी परिवार की क्या भूमिका होगी? क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम में केंद्रीय भूमिका निभाने वाली कांग्रेस 1929 से ही वंशवाद के साये में रही है। क्या राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा वाली कांग्रेस और खरगे की अध्यक्षता वाली कांग्रेस एकराह पर होगी? खरगे के अध्यक्ष बन जाने से क्या कांग्रेस वंशवाद व परिवारवाद से मुक्त हो पाएगी? अनेक सवाल हैं जिनके जवाब आने वाले वक्त में मिलेंगे।

बहरहाल कांग्रेस के वंशवादी इतिहास पर चर्चा ज़रूरी है। कांग्रेस नेहरू-गांधी वंश के ईर्द-गिर्द ही रही है। आज़ादी के पहले से ही महात्मा गांधी की मदद से नेहरू परिवार कांग्रेस के केंद्र में आ गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में; बेशक एलन ऑक्टेवियन ह्यूम द्वारा की गई थी, लेकिन जब 'पूर्ण स्वतंत्रता' चाहने वाले कांग्रेस के केद्र में आए और महात्मा गांधी अहम किरदार बन गए थे, उस दरम्यान 1918 में मोती लाल नेहरू, महात्मा गांधी से मिले और तुरंत उनके अनुयायी बन गए। भातीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1919 के अधिवेशन में, मोतीलाल नेहरू कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। बाद में



महात्मा गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर सरदार पटेल के बजाय जवाहरलाल नेहरू को वरीयता दी थी, तो इसके पीछे मोतीलाल ने जवाहर के युवा होने का तर्क देकर गांधी को कनविंस किया था। राजमोहन गांधी की किताब 'दी गुड बोटमैन' के अनुसार, यह केवल मोतीलाल का तर्क नहीं था, बल्कि जवाहरलाल की मां स्वरूप रानी की भी यही राय थी, जिन्होंने गांधी तक पहुंचकर जवाहरलाल का नाम आगे बढ़ाया। 1929 के चुनाव ने कांग्रेस के भीतर इस वंशवाद की नींव रखी। 1946 में भी एक बार फिर महात्मा गांधी ने सरदार पटेल के पक्ष में कांग्रेस के अंदर बहुमत होने के बावजूद उन्हें पीछे हटने के लिए मना कर फिर से जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवाया था। कांग्रेस का अध्यक्ष रहने के चलते ही जवाहर लाल नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री बने व सरदार पटेल ने गृहमंत्री के रूप में नंबर दो की भूमिका निभाई। तब डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने प्रसिद्ध टिप्पणी की थी; 'गांधी ने एक बार फिर ग्लैमरस नेहरू के लिए अपने भरोसेमंद लेफ्टिनेंट पटेल का बलिदान किया'। नेहरू ने इसके बाद वर्ष 1959 में कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर इंदिरा गांधी के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

लाल बहादुर शास्त्री बहुत कम समय के लिए कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। इंदिरा गांधी ने कांग्रेस (आई) बनाकर वंशवाद की नींव को और मज़बूत किया। 1981 में कांग्रेस (आई) फिर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस बन गई। मौजूदा कांग्रेस इंदिरा गांधी की कांग्रेस है, न कि वो जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अस्तित्व में थी। इसके बावजूद कांग्रेस पर नेहरूवंश का आधिपत्य अधिकांश समय रहा है। इंदिरा के बाद राजीव गांधी, सोनिया गांधी व राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष पद पर रहे हैं। 1998 में सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के साथ 'राजवंश व वंशवाद' ने अविश्वसनीय वापसी की। सोनिया कांग्रेस पार्टी की सबसे लंबे समय तक रहने वालीं अध्यक्षा बनीं। उन्होंने 1998 से 2017 तक निर्बाध रूप से अध्यक्षता की। यह प्रथा 2017 तक जारी रही, जब उनके बेटे राहुल गांधी अध्यक्ष बने। सोनिया 2019 में पार्टी के प्रमुख के रूप में लौटीं और अंतरिम अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल, अधिकांश कांग्रेस अध्यक्षों के निर्वाचित कार्यकाल से अधिक समय तक चला। 1997 से आज तक इस पद पर वंशवाद का कब्ज़ा है। अब कांग्रेस अध्यक्ष पद पर गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति के आसीन हो जाने के बाद उनकी कार्यप्रणाली पर पैनी नज़र आवश्यक है। चूंकि इस वक्त कांग्रेस का अस्तित्व बचाने के लिए परिवार से बाहर किसी व्यक्ति को अध्यक्ष बनाने के सिवा कोई चारा नहीं था, शायद इसलिए वफादार मल्लिकार्जुन खरगे पर दांव खेला गया है। परिवार को भरोसा है कि अप्रत्यक्ष कमान तो उसी के पास होगी, इसलिए शशि थरूर की जीत सुनिश्चित नहीं की गई और अशोक गहलोत को राजस्थान से केंद्र में लाने की कोशिश विफल होने के बाद अंतिम समय में गांधी परिवार ने खड़गे को मैदान में उतारा।

कमाल की बात है कि राहुल गांधी युवा नेता हैं और कांग्रेस युवाओं को आगे लाने पर ज़ोर देती रही है, इसके बावजूद अध्यक्ष के लिए खरगे के रूप में एक वयोवृद्ध नेता का चुनाव कांग्रेस ने किया है, जबकि एक ग्रैंड ओल्ड पार्टी को नव स्वरूप युवा पीढ़ी की आवश्यकता है। मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस को राजनीतिक संजीवनी देकर पुनर्जीवित कर पाएंगे या नहीं, यह 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनावों में स्पष्ट हो जाएगा। बहरहाल, कांग्रेस बयानों से, संबोधनों से, नीतियों से, एजेंडों से, एक्शन प्लान से और कार्यप्रणालियों से नई उम्मीदें नहीं जगाती हैं। यूपीए की मज़बूती का संकल्प ज़रूर है पर रणनीतिक रूप से पार्टी भ्रमित है। सीडब्ल्यूसी के चुनाव नहीं करना, कांग्रेस पार्टी के आत्मविश्वास पर सवाल उठाती है। भविष्यार्थ राजनीतिज्ञ इस पर नज़र अवश्य रखेंगे।

(लेखिका राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण

उमेश चतुर्वेदी



# कांग्रेस में बघेल का बढ़ा कद

रायपुर में हुए कांग्रेस महाधिवेशन राजनीतिक तौर पर कितना सफल हुआ, कांग्रेस की भावी चुनावी सफलता और विपक्षी खेमे में उसकी स्वीकार्यता पर इसका आकलन निर्भर करेगा, लेकिन कांग्रेसी राजनीति में एक शख्स ऐसा है, जिसका कद इस महाधिवेशन के बाद बढ़ना तय है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कांग्रेस के गांधी-नेहरू परिवार की मिजाजपुर्सी का विपक्षी खेमे की ओर से चाहे जितना भी आरोप लगा हो, लेकिन इस महाधिवेशन की कामयाबी के बाद कांग्रेसजनों की नजर में उनका कद बढ़ गया है। इसका फायदा वे आगामी विधानसभा चुनावों में उठाने की कोशिश करेंगे। रायपुर से सटे नवा रायपुर में हुए 85वें अधिवेशन के जैसे इंतजाम रहे, कम से कम उससे कांग्रेसी खेमे में संतुष्टि का भाव नजर आ रहा है। इसकी वजह है, महाधिवेशन का सफल आयोजन। कांग्रेस में सक्रिय आज की पीढ़ी के बीच अब तक हैदराबाद अधिवेशन की चर्चा होती थी। उस अधिवेशन का इंतजाम आंध्र प्रदेश के दिग्गज कांग्रेसी नेता वाई राजशेखर रेड्डी ने किया था। महज डेढ़ साल पहले ही उन्होंने अपने दम पर आंध्र प्रदेश की सत्ता पर कांग्रेस को काबिज कराया था। 2004 में केंद्रीय राजनीति में कांग्रेस की वापसी में भी आंध्र प्रदेश ने बड़ी भूमिका निभाई थी। तब आंध्र प्रदेश की 42 सीटों में से कांग्रेस ने अकेले 29 और उसकी सहयोगी कम्युनिस्ट पार्टियों ने दो सीटें जीती थीं। लोकसभा के साथ हुए विधानसभा चुनाव की 294 सीटों में से कांग्रेस ने जहां वाईएसआर की अगुआई में 185 सीटें जीती थीं, वहीं उसकी सहयोगी कम्युनिस्ट पार्टियों को



पंद्रह सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इसके साथ ही कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। जाहिर है कि दोनों जीतों और अरसे से आंध्र की सत्ता पर काबिज तेलुगू देशम को पराजित करने का असर दो साल बाद हुए हैदराबाद कांग्रेस महाधिवेशन पर दिखा। अब कांग्रेसी हलकों में माना जा रहा है कि भूपेश बघेल ने हैदराबाद अधिवेशन की सुनहली यादों को अपने इंतजामों के जरिए कम से मौजूदा पीढ़ी के कांग्रेसियों के दिल से निकाल दिया है। इस अधिवेशन को रायपुर में कराने का प्रस्ताव भूपेश बघेल ने दिया था। कांग्रेस के पहले परिवार से अपनी नजदीकी के चलते इसे आयोजित कराने के लिए आलाकमान की सहमति लेने में भी कामयाब रहे। कांग्रेसी हलकों में कहा जा रहा है कि उनके आयोजन को खराब करने की कोशिश भी हुई। ईडी के छापे भी इस दौरान चलते रहे। कांग्रेसियों का कहना है कि ईडी का छापा महाधिवेशन का इंतजाम देख रहे कारोबारी के घर भी पड़ा, लेकिन वह पीछे नहीं हटा। जिससे आयोजन पर असर नहीं पड़ा। कांग्रेसी जानकार कहते हैं कि इसके सफल आयोजन के पीछे भूपेश बघेल की अपनी टीम का हाथ रहा। विधानसभा चुनावी वर्ष में इतनी भीड़ जुटना कांग्रेसी मामूली बात नहीं मानते। इसकी वजह से माना जा रहा है कि भूपेश बघेल एक बार फिर कांग्रेस आलाकमान का भरोसा जीतने में कामयाब रहे। महाधिवेशन के बाद छत्तीसगढ़ की कांग्रेसी राजनीति में भूपेश बघेल का कद के बढ़ने का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आखिरी दिन की रैली में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने आयोजन की ना सिर्फ तारीफ़ की, बल्कि बघेल को बधाई भी दी। प्रियंका का यह कहना कि छत्तीसगढ़ मॉडल देश को रास्ता दिखा रहा है और इसी कारण से यहां छापे पड़ रहे हैं, भूपेश बघेल की कुर्सी के सलामत रहने और आगामी विधानसभा चुनाव उनकी ही अगुआई में लड़ने का स्पष्ट संदेश हैं। इस महाधिवेशन पर होने वाले खर्च कांग्रेस विरोधी दलों के निशाने पर रहेंगे ही। इस महाधिवेशन के लिए देशभर से पंद्रह हजार से ज्यादा लोग रायपुर में जुटे। भूपेश बघेल की टीम ने सबके ठहरने काबेहतर इंतज़ाम किया। अधिवेशन स्थल पर वाईफाई, अस्पताल, प्रदर्शनी, लाउंज, आरामकक्ष और पार्टी के सर्वोच्च नेताओं के लिए अस्थायी दफ्तर बनाया गया था। इस आयोजन पर सरकारी धन भी खर्च हुआ। सभी आगंतुकों को छत्तीसगढ़ मॉडल को लेकर किताबें और उपहार आदि भी दिए गए। इसके चलते माना जा रहा है कि इस आयोजन के जरिए बघेल ने कांग्रेस में लम्बी लकीर खींच दी है। ऐसे में भाजपा के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें चुनौती देने के लिए नए हथियार तलाशने होंगे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के बीच भूपेश बघेल की रणनीतिकार की छवि 2018 में सत्ता में वापसी के साथ ही बन गई थी। माना जा रहा है कि महाधिवेशन के बाद पूरी कांग्रेस उनके लिए ऐसा सोचने लगी है। ऐसे में दो बातें तय हैं। एक कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ का अगला विधानसभा चुनाव भूपेश बघेल की ही अगुआई में लड़ेगी। वहीं भाजपा की चुनौती भी बढ़ गई है, इसलिए भूपेश को पटखनी देने के लिए उसे अपनी तरकश से नए तीर निकालने होंगे।

## मन से मुक्ति का संदेश देती है गीता



संकलित
**दर्शन**

भगवद्गीता में भगवान कृष्ण ने सात महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं, जो हम सभी को स्मरण रखने चाहिए। अस्तित्व का सम्मान ब्रह्मांड आठ तत्वों से बना है- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और चेतना। मानवीय अस्तित्व को जिन पांच परतों ने ढका हुआ है, वे हैं- पर्यावरण, भौतिक शरीर, प्राण या ऊर्जा, मन और चेतना। अतः संपूर्ण ब्रह्मांड एक व्यक्तिगत इकाई है और हम ब्रह्मांड के अभिन्न अंग हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'तुम ज्ञान चक्षु के बिना मुझे नहीं देख सकते, अत अब मैं तुम्हें ज्ञान की एक दिव्य दृष्टि दूंगा, जो मैंने युगों से किसी को प्रदान नहीं की।' इसके साथ वह उसे एक दृष्टि, एक प्रकाश प्रदान करते हैं। उस एक क्षण में अर्जुन को संपूर्ण ब्रह्मांड कृष्ण के रूप में प्रतीत होता है। मन से मुक्ति का संदेश गीता देती है। शांति में स्थित होकर युद्ध कृष्ण अर्जुन से मन को शांत रखकर युद्ध लड़ने के लिए कहते हैं। वे कहते हैं, पहले मन में प्रवेश करो और अपने आपको शुद्ध करो। द्वेष भाव से मत लड़ो। समता भाव बनाए रखकर न्याय के लिए युद्ध करो। शांति आपका मूल स्वभाव है। जब आप अपने केंद्र में होते हैं, आप शांत होते हैं। जैसे ही मन की हलचल समाप्त होती है, आप शांति को महसूस कर सकते हैं। इस अवस्था को अनुभव करने के बाद जीवन में किसी भी स्थिति का सामना करने की क्षमता प्राप्त हो जाती है। मन पर विजय गीता कहती है, आपका मन ही आपके बंधन और आपकी मुक्ति के लिए उत्तरदायी है। मन निरंतर बदलता रहता है।

## जीवन का बोध बढ़ाने की जरूरत



संकलित
**प्रेरणा**

मूलाधार का मतलब है मूल आधार, यानी यह हमारे भौतिक ढांचे का आधार है। अगर यह आधार स्थिर नहीं हुआ, तो इनसान न तो अपना स्वास्थ्य ठीक रख पाएगा, न ही अपनी कुशलता और संतुलन ठीक रख पाएगा। इनसान के विकास के लिए ये खूबियां बहुत जरूरी हैं। जिस व्यक्ति की टांगेंकांपती हों, उसे आप सीढ़ियां नहीं चढ़वा सकते। अगर आपके पैर जरा भी कमजोर होंगे तो आप चलना ही नहीं चाहेंगे, आप सिर्फ आराम करना चाहेंगे। योग का सिद्धांत मूलाधार से विकसित हुआ, जो इस शरीर के अलग-अलग इस्तेमाल से इनसान को अपनी चरम संभावना तक पहुंचाने का रास्ता बताता है। मूलाधार से एक पहलू सामने आया, जिसे हम कायाकल्प के नाम से जानते हैं। काया का मतलब है शरीर और कल्प का मतलब है इसे स्थापित करना, इसमें स्थायित्व लाना। कल्प समय की एक इकाई भी है, जो काफी लंबी होती है। आप इसे सदियों के रूप में समझ सकते हैं। आप इस शरीर को सदियों तक टिकाए रखना चाहते हैं। ऐसे कई लोग हुए हैं, जो कई सौ साल जिंदा रहे, क्योंकि उन्होंने कायाकल्प का अभ्यास किया था। इस प्रक्रिया में आप अपने शरीर के बुनियादी तत्त्व मिट्टी को अपने वश में कर लेते हैं। आप पारे को ठोस रूप में बदलते हैं। इसमें द्रव को एक ठोस के रूप में स्थापित किया जाता है। चूंकि पारे को धरती का रस माना गया है, ऐसे में अगर आप एक ऐसे द्रव को जो प्राकृतिक तौर पर ठोस अवस्था में नहीं रहता, उसे ठोस में बदलने में कामयाब हो जाते हैं, तो यही कायाकल्प है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उमेशपाल हत्याकांड के बाद भय का माहौल

प्रयागराज की घटना के बाद यह कयास लगाए जा रहे है कि गुजरात के साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद और बरेली की जेल में बंद अशरफ का लिंक अपराधियों से जुड़ा हुआ था। वाट्सएप के जरिये बातचीत चलती थी। उमेशपाल हत्या में 13 शूटर ने हमला किया था। जिसमे आधे से ज्यादा बैकअप में थे। दिन दहाड़े पुलिस की मौजूदगी में शूटर हमला कर मौत के घाट उतारने वाले उमेशपाल के बाद प्रयागराज टॉक ऑफ टाउन बना हुआ है। वही योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तरप्रदेश की धरती से खदेड़ने की फिराक में है। प्रयागराज की इस घटना के बाद खूनी संघर्ष में तब्दील होने लगा है। प्रतिद्वंद्वी गिरोह के बीच बढ़ते संघर्ष का नतीजा यह है कि मुस्लिम होस्टल में रहने वाला मुख्य आरोपी ने वाट्सएप के जरिये मारने की साजिश रची थी। -कांतिलाल मांडोत सूरत

## ट्रेंड

### मानवाधिकार विलासिता नहीं



मानवाधिकार कोई विलासिता नहीं है जिसे तब तक छोड़ा जा सकता है जब तक हम दुनिया की अन्य समस्याओं का समाधान नहीं खोज लेते। वे दुनिया की कई अन्य समस्याओं का समाधान हैं। हमें हर जगह मानवाधिकारों को हकीकत बनाना चाहिए।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### नाचती है दुनिया



दुनिया नाचती है नाटू नाटू पर! आरआरआर टीम और कोरिया गणराज्य के राजदूत और उनकी टीम को नाटू नाट गाने पर अपना पैर हिलाने के लिए बधाई!
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### गिरफ्तारी का औचित्य नहीं



शराब की जांच में मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करने का सीबीआई का कोई औचित्य नहीं है। मामला गंभीर है। इसकी ठीक से जांच होनी चाहिए। हिरासत में पूछताछ के आधार पर जमानत देने से इंकार करने का भी कोई औचित्य नहीं है।
-प्रशांत भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता

### महानायक पर न बोलें




महात्मा के 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के आह्वान के दौरान मौलाना आज़ाद कांग्रेस के अध्यक्ष थे, तब श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंग्रेजों के साथ मिलकर आंदोलन को दबाने की साज़िश रच रहे थे। कांग्रेस छोड़ कर भाजपा का दामन थामे लोग आज़ादी के इस महानायक पर ना बोलें।
-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता




## करंट अफेयर

### तमिल व तेलुगु भाषा लेने वाले छात्रों के सामने गंभीर संकट

दिल्ली विश्वविद्यालय के कई छात्र जिन्होंने पिछले साल बीए प्रोग्राम के पाठ्यक्रम में 'नॉन मेजर' विषयों के रूप में तमिल और तेलुगु को चुना था, वे भाषाएं सीखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उनका दावा है कि उन्हें अब भी संबंधित भाषा से जुड़ीं मूल बातें नहीं सिखाई गई हैं। वेंकटेश्वर कॉलेज और मिरांडा हाउस के प्रथम वर्ष के कुछ छात्र जिन्होंने साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के माध्यम से विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था उनका कहना है कि उन्होंने यह सोचकर पाठ्यक्रम चुना था कि उन्हें भाषाएं प्राथमिक स्तर से सिखाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि हालांकि पाठ्यक्रम काफी उच्च स्तर का (एडवांस) है और अब उन्हें डर लग रहा है कि वे आगामी परीक्षाओं में उत्तीर्ण नहीं हो पाएंगे और वे साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी फिर से देने पर विचार कर रहे हैं। श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में बीए प्रोग्राम (राजनीति विज्ञान+तमिल) तथा (राजनीति विज्ञान+तेलुगु) लेने वाले छात्रों ने कॉलेज और विश्वविद्यालय से कई बार उन्हें इनकी बजाय हिंदी या संस्कृत भाषा देने की गुहार लगाई लेकिन उनका अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया। विश्वविद्यालय ने अपने जवाब में कहा कि छात्रों को विषय चुनने से पहले पाठ्यक्रम को देखना चाहिए था और चुने गए विकल्पों को बदला नहीं जा सकता।



## ऑफ बीट

### सरकारी उपकरणों में 'टिकटॉक' पर प्रतिबंध

अमेरिका में व्हाइट हाउस ने संघीय एजेंसियों को सभी सरकारी उपकरणों से 'टिकटॉक' को पूरी तरह हटाने के लिए 30 दिन का समय दिया है। वहीं कनाडा ने सरकार के सभी मोबाइल उपकरणों में 'टिकटॉक' पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। चीन की इस वीडियो ऐप को लेकर बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच ये फैसले किए गए हैं। अमेरिका में प्रबंधन एवं बजट कार्यालय ने सोमवार को जारी किए गए दिशानिर्देशों को ''संवेदनशील सरकारी डेटा के लिए ऐप द्वारा पेश किए जा रहे जोखिमों को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम'' बताया है। रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय सहित कुछ एजेंसियां पहले ही इस पर प्रतिबंध लगा चुकी हैं। दिशानिर्देशों में संघीय सरकार की बाकी एंजेसियों को 30 दिन के भीतर इसे पूरी तरह हटाने को कहा गया है। व्हाइट हाउस पहले से ही अपने उपकरणों पर 'टिकटॉक' के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देता है। चीन की इंटरनेट प्रौद्योगिकी कंपनी 'बाइटडांस लिमिटेड' की ऐप 'टिकटॉक' बेहद लोकप्रिय है और अमेरिका में करीब दो-तिहाई किशोरों द्वारा इसका इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, कनाड के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सरकार द्वारा जारी सभी मोबाइल उपकरणों पर टिकटॉक के प्रतिबंध की घोषणा करते हुए कहा कि यह कार्रवाई महज शुरुआत है।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

## गुलाबपुरा क्रय विक्रय सहकारी समिति के चुनाव संपन्न हुए



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** गुलाबपुरा क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. (केवीएसएस) के संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामधन जाट व उपाध्यक्ष पद पर गोपाल नाथ योगी निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को सभी कांग्रेस पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी! इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हस्तीमल चौधरी, पंचायत समिति हुरड़ा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, पालिका चेयरमैन सुमित काल्या,पूर्व चेयरमैन चेतन पेशवानी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन पारीक, पार्षद महावीर लढा, रामदेव खारोल, पूर्व उप जिला प्रमुख गजमल जाट, जितेंद्र कुमार नागर,लक्ष्मीलाल धम्माणी, सलीम बाबू, विनोद पुरोहित, केदार लाल बेरवा, जीएसएस अध्यक्ष रूपाहेली ऋषिराज सिंह कोटडी नोरत लाल पारीक इत्यादि मौजूद रहे।

**रामधन जाट बने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बने गोपाल नाथ योगी**

## मानव नैतिक उत्थान संस्थान द्वारा 101 वां मासिक राशन किट का वितरण किया



गरीबों को सितारा

**युवराज शर्मा।** जिसके अंतर्गत 30 असहाय निशक्तजन को घर घर जाकर राशन किट प्रदान की गई। किट का वितरण डा पंकज गुप्ता द्वारा किया गया इस अवसर पर संस्था के सदस्य खेमचंद सैनी ,दीपेश गोयल ,अनिल गोयल ,सुभाष चन्द्र सैन आदि सदस्य उपस्थित रहे , संस्था द्वारा लगातार घर घर जाकर विधवा दिव्यांग जरूरतमंद गरीब परिवारों को मासिक राशन कार्ड वितरण कर एक संदेश समाज को दिया जा रहा है।

## राइट टू हेल्थ बिल का विरोध जारी: डॉ. विजय पाल यादव

गरीबों का सितारा

**अलवर, रूपेश शर्मा।** आर टी एच बिल के विरोध में आज अलवर सरकारी अस्पताल परिसर में स्थित आई एम ए हाल में लगभग सभी चिकित्सक इकट्ठे हुए तथा एक मत से इस काले कानून का विरोध किया गया।इस बात पर न केवल राजस्थान बल्कि सारे देश के चिकित्सक एकमत हैं यहां तक विदेशों में बसे राजस्थानी चिकित्सक भी समर्थन कर रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि यह बिल आगामी चुनावों के मुद्दे नजर सरकार द्वारा केवल वोट पाने के लिए आनन फानन में बिना सोचे समझे बिना चिकित्सकों की राय लिये तथा बिना कोई पायलट प्रोजेक्ट के सीधा ही पास कर दिया गया। इसी विषय पर बोलते हुए डॉ एस सी मितल ,डा जी एस सोलंकी, डॉ तैयब खान , डॉ चमन जैन, डॉ अवध , अनिल कुमार बांगा अग्रवाल,डा प्रेम मित्तल ने अपने अपने-अपने विचार रखे।इस बिल में बहुत विसंगतियां हैं इमरजेंसी को परिभाषित नहीं किया गया है,रिफरल की जिम्मेदारी अस्पताल पर डाली गई है, इलाज देना आवश्यक है परन्तु उसका भुगतान सरकार करेगी मरीज आपको कोर्ट में ले जा सकता पर आप अपने बचाव में कोर्ट नहीं जा सकते एवं चिकित्सकों को दंड दिया जा सकता है।सारे चिकित्सक इन मुद्दों पर भयभीत हैं। सारे वक्ताओं ने इन्हीं मुद्दों पर विचार रखे।आज भी पूरे शहर के सारे प्राइवेट अस्पताल पूरी तरह बंद रहे। ज्ञात हो कि अलवर डेंटिस्ट एसोसिएशन, अलवर आर्थोपेडिक एसोसिएशन, अलवर गायनिक सोसायटी, अलवर रेडियोलॉजी सोसायटी कंधे से कंधा मिलाकर आई एम ए के समर्थन में अपना काम बंद रख रही हैं। सारे चिकित्सक एक मत हैं कि चाहे कितने भी समय संघर्ष करना पड़े जब तक यह बिल वापस नहीं लेगी प्राईवेट अस्पताल अपना काम बंद रखेंगे। आपको पहले से ज्ञात है कि लगभग सारे राजस्थान के सारे चिकित्सकों ने सरकारी योजनाओं को खत्म करने के लिए पहले ही लिखित में दे दिया है। इसी संदर्भ में कल अलवर शहर में चिकित्सक शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन करेंगे तथा अपना विरोध जारी रखेंगे। प्रातः १० बजे से १ बजे तक भगत सिंह के चौराहे पर यह कार्यक्रम रखा गया है।

## श्री वीर हनुमान वाटिका में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति संगीत, सचेतन झांकियां व नृत्य 6 को

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** शास्त्री नगर स्थित वीर हनुमान वाटिका में 6 अप्रेल गुरुवार शाम को शिवबाड़ी के लालेश्वर महादेव मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानंद गिरि के सान्निध्य में हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा, अर्चना, आरती, भक्ति संगीत संध्या, सचेतन झांकियों व नृत्यों के साथ मनाई जाएगी। मंदिर में हनुमान जयंती पर रंग बिरंगी रोशनी से आकर्षक सजावट की जाएगी। श्री वीर हनुमान वाटिका समिति की सचिव पूर्व पार्षद छाया गुप्ता ने बताया कि सौम्य, चमत्कारिक सवा छह फीट की हनुमानजी की प्रतिमा के अभिषेक कर श्रृंगार किया जाएगा। शाम सात बजे होने वाले कार्यक्रम में जोधपुर की महेन्द्र सिंह पार्टी के एक दर्जन कलाकार भक्ति गीतों के साथ रामचरित मानस के प्रसंगानुसार सचेतन झांकियां प्रदर्शित करेंगी तथा नृत्यों की प्रस्तुति देंगी। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर पांच सवा मणी का प्रसाद राम भक्त हनुमान को चढ़ाकर श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। मंदिर में हनुमान जयंती की तैयारियां परवान पर है, रंग रोगन, स्वच्छता व प्रतिमा के सौन्दर्यकरण का कार्य चल रहा है।



# सहकारी समिति के व्यवस्थापक सोनी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

गरीबों का सितारा





**जयपुर।** ग्राम सेवा सहकारी समिति टोडा ठेकला के व्यवस्थापक श्यामसुंदर सोनी की सेवानिवृति पर शनिवार को ग्राम सेवा सहकारी समिति इन्दावा पर समिति संचालक मंडल सदस्यों एवं डिगो, इन्दावा व राजोली ग्राम पंचायतों के किसानों द्वारा समारोह आयोजित कर व्यवस्थापक श्यामसुंदर सोनी को उनकी सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई दी। गौरतलब है कि व्यवस्थापक सोनी डिगो सहकारी समिति पर भी काफी समय कार्यरत रहकर किसानों के हितों के लिए समर्पित रहे थे। सेवानिवृति के अवसर पर व्यवस्थापक सोनी को माला व साफा पहनाई गई एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर व्यवस्थापक सोनी ने कहा कि समिति में कार्यरत रहने के दौरान मैंने सदैव किसानों के हितों एवं उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रयास किया तथा अपने कार्यकाल के दौरान मैंने सदैव किसानों के हितों की रक्षा की ' साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान किसानों ने भी मेरा भरपूर सहयोग किया है । इस अवसर पर पूर्व सरपंच चंदन गुर्जर, सेठराम गुर्जर, कमलेश मीणा पूर्व सरपंच रघुनाथ मीना, राम सिंह मीना ग्राम सेवा सहकारी समिति इन्दावा के संचालक मंडल सदस्य लटूर मीना, कमलेश त्रिवेदी, मदन खटीक, हरकेश सैनी, पूर्व अध्यक्ष शिवसहाय मीना, सहकारी समिति के व्यवस्थापक रामखिलाड़ी खटूम्बर, गोपाल गुर्जर डिगो एवं ब्रह्म सिंह गुर्जर इन्दावा सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# निःशुल्क कॅरियर गाइडेंस व मोटिवेशन सेमिनार सम्पन्न

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** निःशुल्क कैरियर गाइडेंस व मोटिवेशन सेमिनार का शुभारम्भ श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा एवं अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा द्वारा माँ शारदा एवं महावीर स्वामी की वंदना से किया गया ' महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा ने बताया कि इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियो एवं उनके अभिभावको को जानकारी देना है कि भविष्य में बच्चे किस विषय में अध्ययन करें ताकि उनकी मेहनत सफल हो सके ' कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के विषय विशेषज्ञ डॉ. दुष्यन्त पारीक, वाणिज्य संकाय के विषय विशेषज्ञ सी एम ए ज्योति माहेश्वरी एवं लेखक अग्रवाल तथा कला संकाय की विषय विशेषज्ञ डॉ. रचना माहेश्वरी एवं दीप्ति माहेश्वरी ने सभी छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए बताया कि आप अपने कैरियर चयन को लेकर अपनी दुविधा को आसानी से दूर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले अपनी रुचियों/पसंद पर अच्छी तरह से विचार करें। सोचें कि आपको किस तरह के काम करने में खूब आनंद आता है यानी क्या-क्या पसंद है? सभी विषय विशेषज्ञों द्वारा अपने अपने विषय से संबधित जानकारी एवं कॅरियर के विभिन्न क्षेत्रो के बारे विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया । कार्यक्रम के अंत में डॉ. नीलम लोढ़ा ने सभी विषय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह भेट किया कार्यक्रम का संचालन प्रदीप हेडा, भगवती चौहान, विकास कोठारी एवं पारसमल सोलंकी द्वारा किया गया ।






# गाजे बाजे के साथ निकली मां कर्मा बाई की शोभा यात्रा

गरीबों का सितारा

**मंडावर, (राहुल जोशी)।** तेली पिछड़ा वैश्य समाज के तत्वाधान में शनिवार को गाजे बाजे के मां कर्मा बाई की प्रथम शोभायात्रा बड़ी धूम धाम के साथ निकली।जानकारी के अनुसार शोभा यात्रा की शुरूआत मां कर्मा बाई के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर कस्बे के पुराने बस स्टेंड से हुई। इस दौरान समाज के सैकड़ो महिला पुरुष व बच्चे गाजे बाजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा कपड़ा बाजार,गांधी चौक,गढ़ रोड होते हुए बालाजी गार्डन पहुंची। इस दौरान यात्रा का कई जगह स्वागत हुआ। सभा में पहुंचे पूर्व सरपंच रामनिवास गोयल ने मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए कहा की आज समाज संगठित होने की जरूरत है। युवाओं को समाज में आगे आकर अपनी भागीदार निभाना जरूरी है। उन्होंने महिला शिक्षा पर भी जोर दिया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने भी समारोह को संबोधित करते हुए समाज की एकता पर जोर देते हुए समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। इस मौके पर मंडावर अध्यक्ष काडू राम साहू,उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सीताराम साहू,सचिव रमेश चंद साहू,उपसचिव महेश चंद साहू,कोषाध्यक्ष महेश साहू,प्रसार मंत्री महेंद्र साहू,प्रवक्ता राजेश साहू, बाहर से पधारे अतिथियों सहित समाज के लोग मौजूद रहे।



# रैणी के राजू किराड बने संगठन सदस्य

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने मिडिया को बताया है कि हमारा यह संगठन पूरे भारत देश के सभी राज्यो मे बहुत तेजी से सक्रिय व लोकप्रिय होता ही जा रहा है और आमजन के हित मे भ्रष्टाचार के खिलाफ व महिला अत्याचार के खिलाफ और शोषण के विरूद्ध व बाल श्रम के खिलाफ लगातार पैरवी कर रहा है , हमारे इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरो के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाना है और महिलाओ के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना व भ्रष्टाचारियो का पदार्फाश करना है तथा पुलिस प्रशासन का भी अच्छा सहयोग करना है तथा आरटीआई एक्ट 2005 का उपयोग कर भ्रष्टाचार को भी उजागर करना है एवं अन्य दूसरे भी कई प्रकार भी काम जो आमजन के हित मे हो। यह संगठन भारत सरकार द्वारा रिकोग्नाइज्ड संगठन है और इस संगठन का रजिस्ट्रेशन नम्बर 26/2019 है , यह संगठन बहुत ही तीव्र गति से पूरे भारत देश मे सभी जगह अनवरत रूप से विस्तार कर रहा है। शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के निर्देशन मे अलवर जिले की रैणी तहसील मे राजू किराड रैणी को संगठन सदस्य के रूप मे नियुक्ति दी है। ये नियुक्ति राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव/अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना की सिफारिश के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है। इसी विस्तार की कड़ी मे राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार सभी संगठन सदस्यो को निःशुल्क सदस्यता दी जाती है। इस संगठन मे संगठन सदस्य निःशुल्क सदस्य बनाये जाते है तथा संगठन सदस्य को पदाधिकारी द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया जाता है। यह संगठन आमजन के हित मे सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से सहयोग प्राप्त कर ही कामयाबी प्राप्त करने मे विश्वास रखता है।



# अणभयनाथ महाराज की जयंती पर गाजे बाजे के साथ निकाली गई मंगल कलश शोभायात्रा

## शोभायात्रा के दौरान सजाई गई मनमोहक झाकियां






गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़ (अलवर)।** लक्ष्मणगढ़(अलवर) खटीक समाज के आराध्य देव संत मुरलीनाथ उर्फ अणभयनाथ महाराज की जयंती पर शनिवार को कस्बे में भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। युवा समाजसेवी महेश बुंदेला व मोहित बुंदेला ने बताया कि कस्बे में गाजे बाजे के साथ निकाली गई ' शोभायात्रा खटीक मोहल्ले के शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर कस्बे के भगत सिंह सर्किल, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, चोपड़ा बाजार सहित मुख्य मार्गो से होती हुई अणभयनाथ महाराज मंदिर में पहुच कर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में शिव अगोरी की झांकी, हनुमान जी झांकी, अणभयनाथ जी झांकी व बम रसिया की शोभायात्रा निकाली। कार्यकम में पंजाब से आए बैंडवादन कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी । बाद में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे में हजारों की तादाद में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान लीलाराम बसवाल, यादराम बसवाल, महेश बुंदेला, हीरालाल बुंदेला, पितराम बुंदेला, शिवराम बुंदेला, हरचंद बुंदेला, श्यामलाल बसवाल, बलवाराम, रामचन्द्र, रामोतार पहाड़िया, कल्या बसवाल सहित खटीक समाज के हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

# बागोर से तुलसी संग विवाह रचाने भीलवाड़ा पहुँचे ठाकुरजी

## बाराती बन सैकड़ों महिला-पुरुष दुपहिया व चौपहिया वाहनों के साथ साथ बसों से भी भीलवाड़ा हुए रवाना

### गाजे बाजे के साथ बागोर से दोपहर 2 बजे निकली ठाकुरजी की बारात

गरीबों का सितारा

**गुरला/ बद्री लाल माली।** चेत्र मास शुक्ल पक्ष एकादशी पर आज शनिवार को बागोर जाटों का मोहल्ला चौक स्थित सेठियों के श्री नृसिंह भगवान मन्दिर से दुपहिया, चौपहिया वाहनों के साथ ही दो बसों में सैकड़ों महिला पुरूष बारातियों संग ठाकुरजी दोपहर 2 बजे गाजे बाजे के साथ तुलसी विवाह रचाने भीलवाड़ा के लिए बारात लेकर बागोर से निकले। मूलतः बागोर हाल भीलवाड़ा निवासी मुरली सेठिया ने बताया कि प्रथम पूजनीय भगवान श्री गणेश जी महाराज व ठाकुरजी श्री चारभुजानाथ जी की असीम कृपा से तुलसी विवाह की शुभबेला में बागोर सेठियों के नृसिंह मन्दिर से ठाकुरजी तुलसी माता संग विवाह रचाने बारात लेकर दोपहर 2 बजे भीलवाड़ा के लिए बागोर से निकले। बारातियों का भीलवाड़ा पहुँचने से पूर्व पांसल गांव बाहर स्थित हनुमान मंदिर पर सेठिया परिवार ने बारातियों का स्वागत सत्कार कर जलपान करवाया। तद्पश्चात ढोल नगाड़ों संग ठाकुरजी व बारातियों को जान के डेरे महिला आश्रम के पास पहुँचाया। मुरली सेठिया ने बताया कि इससे पूर्व शनिवार प्रातः 7:15 बजे शुभ मुहूर्त में गजाजन गणपति महाराज की स्थापना की गई। बाद इसके ठाकुरजी की बिन्दोली निकाल बारात स्वागत करते हुए सांय 4:30 बजे ठाकुरजी तोरण मारने मातातुलसी के घर आँगन पहुँचे। जहां गोधूलिक वेला में माता तुलसी संग विधिवत मंत्रोचार के साथ सात फेरे लेते हुए ठाकुरजी ने विवाह रचाया। मुरली सेठिया ने बताया कि तुलसी विवाह के आयोजक राधाकिशन, भगवती देवी, रामेश्वरलाल, पुष्पा देवी, रामरखबाई, डालचन्द मून्दड़ा, जगदीश सोडाणी, कृष्णा, इन्द्रा, ललित पोरवाल, कविता, कमलेश जागेटिया, संगीता, सुमित्रा, विनोद कुमार देव, आशुतोष न्याति, भार्गव तापड़िया, किरण, कुल गौरव, महावीर, रेखा, लक्ष्मीलाल, चन्दा, ज्योति, मुरलीधर, अल्का, रामकुमार, रिंकल, रामकिशन, पायल, द्वारका प्रसाद, मीनू, निहारिका, राघव, दर्शिता, कृष्णम्, निर्भयराम, यशवी, काव्या, दर्शन, देवांश, अनाया, दीपश्री एवं समस्त सेठिया परिवार ने आगन्तुक बारातियों का स्वागत सत्कार कर आभार प्रकट किया।



**गाजे बाजे के साथ ठाकुजी ने लिए माता तुलसी संग साथ फेरे :** द्वारका प्रसाद सेठिया ने बताया कि बारात के भीलवाड़ा पहुँचने पर आयोजक सेठिया परिवार ने ठाकुर जी के साथ ही बारातियों का भव्य स्वागत सत्कार करते हुए अगवानी की ।वही आगन्तुक सभी बारातियों का भी पुष्पमाला और मारवाड़ी पगड़ी पहना दुपट्टा भेंट कर भव्य स्वागत सत्कार किया। इससे पूर्व बारात के भीलवाड़ा पहुँचने पर सेठिया परिवार ने पौराणिक परम्परानुसार ठाकुरजी को बग्गी रथ में बिराजमान करवाकर शाही ठाठबाट से गाजेबाजे, लाव लश्कर व बैंडबाजों की धुन के साथ पुष्पवर्षा करते हुए वीर साँवरकर चौक, मालियों का चौक होकर ढ़ोल नगाड़ो की थाप पर बिन्दौली को शहर भ्रमण कराते हुए बारातियों को तुलसी माता के घर पहुँचाया । इस दौरान आगन्तुक बाराती ठाकुरजी की बारात में शरीक होने की खुसी में बेंडबाजो की धुनों पर भक्तिभाव में शराबोर हो नाचते झूमते हुए चल रहे थे । इधर गोधूलिक वेला के फेरो के चलते ठाकुरजी तौरण मारने माता तुलसी के घर की चौखट पर बारातियों सहित पहुँचे तो आवभगत व मेहमाननवाजी करते हुए सेठिया परिवार ने पलक फावड़े बिछाकर ठाकुरजी की भव्य अगवानी कर बारातियों को जलपान करवाया । वही ठाकुरजी की अगवानी कर आरती की गई। बाद इसके शाम 5:15 बजे तौरण रस्म हुई इस दौरान सैकड़ो भक्तो ने पुष्पवर्षा कर ठाकुरजी श्रीचारभुजानाथजी के जयकारे लगाते हुए माहौल को भक्तिमय बना दिया । वही पर सजाए गए मंडप में पंडितो के द्वारा उच्चारित मंत्रोचार के साथ देर सांम गौधूलिक वैला में ठाकुर जी का माता तुलसी संग गठबंधन जोड़कर विधिवत मंत्रोचारण के साथ परिवार के 21 जौड़ो के द्वारा हवन में आहुतियां देते हुए अग्नि के समक्ष ठाकुरजी के सात फेरे करवाकर पाणिग्रहण संस्कार की रश्म पूरी कर विवाह सम्पन्न करवाया गया । सात फैरो के पश्चात ठाकुरजी की महाआरती की गई । बाद इसके सायं 7 बजे महेश छात्रावास में सभी बारातियों का स्नेहभोज आयोजित किया गया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## भाजपा का एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजित



गरीबों का सितारा

**जमवारामगढ़ ( रामफूल मीणा)।** शनिवार को कोटपूतली में जिला महिला मोर्चा जयपुर देहात उत्तर की तरफ से एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। जिला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आरती लाल सिंह के नेतृत्व में रखा गया इस दौरान मंच संचालन जिला मंत्री मीरा देवी मीणा जमवारामगढ़ द्वारा किया गया कशिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को जनता तक पहुंचाने योजनाओं के लाभ और केंद्र सरकार द्वारा किये गए महिला उत्थान के कार्यों के बारे में चर्चा की गई साथ ही पार्टी के कार्यकताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं का कैसे प्रचार प्रसार किया जाये के बारे में बताया गया ' शिविर में प्रदेशाध्यक्ष महिला मोर्चा अलका मूंदड़ा, चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी निर्मला शर्मा, जिलाध्यक्ष जयपुर देहात उत्तर जितेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक फूलसिंह भिंडा, मंजू मीना, मीरा यादव, रेणु चौधरी, वंदना दीक्षित सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सलेक्शन बोर्ड अकादमी का संत ललित राम ने किया शुभारंभ

### अब जहाजपुर में भी होगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां



गरीबों का सितारा

**जहाजपुर/ आजाद नेब।** सिविल सेवाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना हर युवा का सपना होता है। महंगी फीस और आर्थिक स्थिति युवाओं का कोचिंग कर तैयारी करने का सपना तोड़ देती है। लेकिन अब नगर में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी ( सलेक्शन बोर्ड अकेडमी) कोचिंग सेंटर खोला गया है ' जिसका शुभारंभ संत ललित राम रामस्नेही व संत ईश्वर रामस्नेही ने किया। अकेडमी के संचालक पुरुषोत्तम ने बताया कि अब नगर में ही राजस्थान पुलिस, पटवारी, एलडीसी, ग्राम सेवक, महिला पर्यवेक्षक, वनपाल, वनरक्षक, एग्रीकल्चर सुपरवाइजर, पीटीईटी, बीएसटीसी, सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों के लिए अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच?चों के भविष्य को सुरक्षित करने विभिन्न प्रकार के करियर विकल्पों को चुनने के इच्छुक छात्रों के लिए यह अकादमी सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। इस मौके पर डॉ. शिवराज जाट, प्रधानाध्यापक पीयूष कुमार, एसबीआई बैंक के पंकज कुमार, शौकीन मंसूरी, सुल्तान सिंह, फोरू लाल सहित सैकड़ों विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## विशेष योग्यजनों के आवेदन हेतु ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन किया : कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली



गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री की बजट घोषणानुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना में 5,000 स्कूटियों के वितरण करने हेतु विशेष योग्यजनों के आवदेन हेतु ऑनलाईन पोर्टल का उद्घाटन किया। मंत्री जूली ने इस अवसर पर विशेष योग्यजनों के लिए 5,000 स्कूटी की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री अषोक गहलोत का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दिव्यांगजनों का दैनिक जीवन सुलभ व सुगम्य हो पाएगा, जिससे उनके जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि देष में राजस्थान पहला प्रदेष है जहां सामाजिक सुरक्षा के तहत दिव्यांगों को बीपीएल श्रेणी की सुविधाए दी जा रही है। कार्यक्रम में डॉ समित शर्मा शासन सचिव, हरिमोहन मीना निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, अवधेश मीना आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, विशेष योग्यजन एवं निदेशालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## अब हनुमान जयंती की तैयारियां जोरों पर



गरीबों का सितारा

**बांदीकुई ।** रामनवमी के अवसर पर राम जन्मोत्सव शोभायात्रा को बहुत सुंदर बनाए जाने के बाद शनिवार को आदर्श विद्या मंदिर पर डॉ. सोहनलाल लाल की अध्यक्षता में रामनवमी के आयोजन पर हुए आय व्यय की समीक्षा बैठक में रमाकान्त फोरेस्टर, गोकुल अवस्थी के सानिध्य में संघ के समस्त लोगों को पीले चावल देकर हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा यात्रा में आने हेतु निवेदन किया। जिस पर उन्होंने इस कार्य के सुंदर आयोजन की अग्रिम शुभकामनाएं दी व उनके पूरे साथ का विश्वास दिलाया।

# मिसाल बना परिवार : शादी में एक रुपए का शगुन लिया चंहुओर हो रही प्रशंसा

### राजस्थानी परंपरा को अपनाने का दिया संदेश, बैलगाड़ियों से आई बारात और पुरानी मान्यताओं को दिया तवज्जो

गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा/वरुण कामदार।** रामगढ़ पचवारा के ग्राम पंचायत अमराबाद में एक शादी में वर पक्ष की ओर से दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को खत्म करने की पहल की गई। वर पक्ष ने शगुन के रूप में केवल 1 रुपए और नारियल शगुन स्वीकार किया। जानकारी के अनुसार रामगढ़ पचवारा के अमराबाद निवासी प्रहलाद मीणा भामाशाह के पुत्र विनोद मीना की शादी रायमलपूरा निवासी रेवडमल मीना की पुत्री अनीता मीणा के साथ हुई। शगुन में 1 रुपए और नारियल लेकर शादी के खाए सात फेरे, दहेज मुक्त शादी का दिया संदेशह शादी में वर व वधू पक्ष में आपसी सहमति से समाज की कुरीतियां मिटाने और शादी समारोह को पूर्णतया दहेज प्रथा मुक्त बनाने को संकल्प लिया। बरात में दूल्हा सहित बराती बैल गाड़ी, घोड़ा गाड़ी, ऊंट गाड़ी, को रंग बिरंगी पोशाको से सजी गई। गाड़ियों को बरात लेकर रवाना हुए। विशाल बरात को देखने के लिए लोगों का सड़कों जमावड़ा लग गया। दर्जनों बैलगाड़ी, घोड़ा गाड़ी, ऊंट गाड़ियों से निकलती बारात एक राजस्थानी संस्कृति का एक उदाहरण पेश कर रही थी। शादी में बैल गाड़ी, ऊंट गाड़ी ,घोड़ा गाड़ी पर बरात लेकर चलने का उद्देश्य भी था कि राजस्थान में राजस्थानी संस्कृति थी जो वह धीरे-धीरे खत्म होती जा रही थी। और उसी के साथ यह जानवर भी कई जगह से विलुप्त होते जा रहे थे। इनका विलुप्त होने का कारण इनके हितेषी ना होने का कारण रहा। और पहले के समय में राजस्थानी संस्कृति होती थी जिसमें दूल्हा बरात में बैल गाड़ी ऊंट गाड़ी घोड़ा गाड़ी ऐसे कई साधनों से लेकर जाता था यह संस्कृति समाज में खत्म होती जा रही है। उसी को ध्यान में रखते हुए दूल्हे के पिता प्रहलाद मीना भामाशाह ने समाज से धीरे-धीरे खत्म होती जा रही राजस्थानी संस्कृति को बचाने और लोगों को और समाज में जागरूक करने के लिए पाली जिले से बैलगाड़ी ऊंट गाड़ी सहित घोड़ा गाड़ी मंगाकर बरात निकालने से समाज के लोगों में जागरूकता और राजस्थानी संस्कृति को बचाने का संदेश दिया।





### आकर्षण का केंद्र बनी विशाल बारात : बेल, ऊंट, घोड़ा गाड़ी से निकाली बारात

विशाल बरात को देखने की उमड़ी भीड़ बरात में जमकर आतिशबाजी की गई जिससे रात में आसमान रोशनी से चमक उठा बारात को अमराबाद से रायमलपूरा पहुंचने में तीन घंटे का वक्त लगा। जिसमें बरात में 8 किलोमीटर का सफर तय किया। इसमें बाराती तैयार होकर ऊंट गाड़ियों, बैल गाड़ीयो, घोड़ो गाड़ी पर सवार हो गए। दूल्हा बैल गाड़ी में सवार होकर चल रहा था। बराती भी ऊंट गाड़ियों, बैलगाड़ी घोड़ा गाड़ी पर सवार होकर नाचते झूमते नजर आए।

सितारा न्यूज नेटवर्क
SPECIAL NEWS
सितारा न्यूज नेटवर्क

### दूल्हे के पिता का लोगों को एक संदेश

राजस्थान में कई जगहों पर ऊंट बैल की संख्या बहुत कम होती जा रही है इसका कारण इन जानवरों का कोई हितेषी ना होना माना जाता है। पहले के समय में इन जानवरों का उपयोग लोगों द्वारा कामकाज सहित शादी विवाह समारोह लोगों का प्रिय वाहन होता था। जो कि इस समय में अब उनकी जगह कार मोटरसाइकिल जैसी आदि वाहनों ने ले लिए। इसका कारण यह भी रहा है कि अब हमारे राजस्थान का जहाज जो कि ऊंट को कहां जाता है। जिसकी राजस्थान में अब कई जगह पर संख्या इतनी कम हो गई है कि कई जगहों पर तो अब यह दिखना भी बंद हो गए। दूल्हे के पिता ने बारात में बैलगाड़ी ऊंट गाड़ी घोड़ा गाड़ी में बरात निकालकर और राजस्थानी संस्कृति को बचाने और निखारने का एक संदेश दिया।

### राजस्थानी संस्कृति से है लगाओ

दूल्हे के पिता प्रहलाद मीना भामाशाह निवासी अमराबाद ने अपनी मेहनत और लगन से कामयाबी का एक मुकाम हासिल किया । जो वह करना चाहते थे। राजस्थान के दौसा जिले के रामगढ़ पचवारा के गांव अमराबाद से निकलकर गुजरात जाकर अपनी मेहनत और सफलता की सीडी छड़ी और अपना नाम उद्योगपतियों में शामिल करवाया। लालसोट विधानसभा क्षेत्र प्रहलाद मीना को लोग प्रहलाद भामाशाह के नाम से जानते हैं क्योंकि वह कभी भी जरूरतमंदों के साथ खड़े हो जाते हैं समाज सेवा के रूप में उनकी छवि बनी है। क्षेत्र में अपने स्तर से कार्य कर लोगों कि मदद करने में आगे रहते हैं। प्रहलाद मीणा भामाशाह ने अपने पुत्र की शादी के लिए लालसोट विधानसभा क्षेत्र के हर घर वह ढाणियों में जाकर पीले चावल बांटकर हजारों लोगों को शादी का निमंत्रण दिया। विवाह कार्यक्रम में दिखा लोगों का जनसैलाब विवाह समारोह में की हजारों लोगों ने शिरकत। विवाह समारोह में लोगों सहित नेताओं व ऑफिसरों ने विवाह में शिरकत की।

## 'कन्यादान बेटी के लिए' मुहीम विद्युत साथी फाउंडेशन की एक सराहनीय पहल

### सेवानिवृत साथी कर्मचारी की सुपुत्री के विवाह के लिए 71,000 रुपए का किया आर्थिक सहयोग

### विद्युतसाथी फाउंडेशन बन रहा विद्युत कर्मचारियों के सुख दु:ख का साथी

गरीबों का सितारा



**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** विद्युत साथी फाउंडेशन की टीम द्वारा कन्यादान बेटी के लिये चलाई गई मुहीम के तहत हाल ही रामनवमी के शुभ अवसर पर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी श्री रामसिंह खनगवाल (एक्स- मीटर रीडर) की सुपुत्री के विवाह के लिए विद्युत साथी फाउंडेशन की ओर से 60,000 रुपए का चेक एवं 11,000 रुपए की नकद राशि कन्या दान स्वरुप भेंट की गई ' विद्युत साथी फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री पुष्पेंद्र चौधरी सहायक अभियंता अ - द्वितीय ने बताया कि विद्युत साथी फाउंडेशन परिवार की ओर से 04 अप्रैल 2023 मंगलवार को विद्युत साथी फाउंडेशन के सदस्य व हाल ही में रामनवमी के अवसर पर सेवानिवृत्त हुए विद्युत साथी कर्मचारी श्री रामसिंह खनगवाल की सुपुत्री का विवाह है ' साथी कर्मचारी की पुत्री के विवाह में सहयोग के लिए विद्युत साथी फाउंडेशन परिवार की ओर से कन्यादन बेटी के लिये" मुहीम के तहत आज शनिवार को श्री रामसिंह जी को ऑफिस में बुलाकर टीम के सदस्य श्री विष्णु दत्त शर्मा, सचिव श्री उमेश मीना ,संदीप सिहाग एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा एकत्रित की गई सहयोग राशि 60,000 का चेक और 11000 रुपये नगद कुल 71000 की राशि श्रीमान के के पारीक (अधिशाषी अभियंता चौमूं ) द्वारा कन्यादान स्वरूप भेंट की गई है।यह सब देखकर सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री रामसिंह खनगवाल भाव विभोर हो गए ।उन्होंने आगे बताया कि विद्युतसाथी फाउंडेशन को जब राम सिंह जी की पुत्री की शादी का कार्ड मिला और उन्हें उनकी आर्थिक स्थिति के बारे में पता चला तो फाउंडेशन परिवार द्वारा एक मुहिम चलाकर बेटी के लिए कन्यादान के तहत उक्त राशि एकत्रित गई की गई 'जिसमें विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों एवं आम ग्रामीण नागरिकों का भी सहयोग रहा। जिसके लिए फाउंडेशन परिवार सभी सहयोग कताओं का आभार व्यक्त करता है ' फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री पुष्पेन्द्र चौधरी ने बताया कि फाउंडेशन परिवार आप सब को यह विश्वास दिलाता है कि हम सभी कार्यरत कर्मचारियों , हर सेवानिवृत्त कर्मचारी और आम उपभोक्ताओं की सेवाओं के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और जहां भी जरूरत होगी फाउंडेशन आगे आकर ऐसे समाजोपयोगी कार्य करता रहेगा।

## डारान भवन में रोजा इफ्तार पार्टी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### इस अवसर पर भाजपा शहर अध्यक्ष विजय आचार्य रहे मौजूद



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** शीतला गेट के बाहर डारान भवन में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा और डारान यूथ क्लब द्वारा गुरुवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सलीम अजमेरी ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि माहे रमजान के 8वें दिन गुरुवार की शाम को कुरान खुआनी व रोजा इफ्तारी का प्रोग्राम डारान यूथ क्लब द्वारा की ओर से किया गया। इफ्तार पार्टी से पहले नमाज अदा की गई जिसमें रोजेदारों ने देश में खुशहाली और अमन की दुआ मांगी। इस इफ्तार पार्टी में विभिन्न समाज के रोजेदार शामिल हुए। जिसमें भारतीय जनता पार्टी शहर अध्यक्ष विजय आचार्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट मुमताज अली भाटी, भाजपा पार्षद हसन अली टाक, रमजान अब्बासी, मोहम्मद हुसैन डार, इमरान समेजा, फारूख डार, फिरोज डार,साहिल सोढा, मेहबूब नूरानी, फिरोज अजमेरी,सोनू अजमेरी, शाहिद अफरीदी,वाजिद शेख,जहीर, असलम, फिरोज सहित आदि अनेक मोहल्लों के गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पत्रकार के.कुमार आहूजा, उमेश कुमार मोदी, सैय्यद अख्तर, मोहन कड़ेला, अजय कुमार कुमार त्यागी,एच .के. गिल, रामदयाल भाटी, विजय कपूर,टीनू गिल सहित अनेक पत्रकारों का डारान यूथ समाज द्वारा शॉल, मोमेंटो ओढ़ाकर सम्मान किया गया। रोजा इफ्तार कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद हुसैन डार ने किया।

## अलवर शहर व ग्रामीण की बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला व समंवयक बैठक हुई आयोजित

गरीबों का सितारा





**रुपेश शर्मा।** आज अंबेडकर नगर भाजपा कार्यालय में अलवर शहर वअलवर ग्रामीण की बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व मां भारती के चित्रों पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर व पुष्पमाला माला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री पूर्व कैबिनेट मंत्री व संभाग प्रभारी मदन दिलावर रहे ।अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने की मुख्य अतिथि मदन दिलावर ने बताया पार्टी के द्वारा 1 से 10 अप्रैल तक नमो वॉलंटियर अल्पकालीन विस्तारक लगाए गए हैं जो कि मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी और विस्तारक से चर्चा कर शक्तिकेन्द्र व बूथों का आवंटन तय करेंगे नमो वॉलंटियर बूथ समितियों का सत्यापन पन्ना प्रमुख नियुक्ति की समीक्षा कर सरल पोर्टल पर अपलोड करवाएंगे तथा सभी बूथों और शक्तिकेंद्र पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रदेश के नंबर से जोड़े जाएंगे केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभांवित लाभार्थियों से संपर्क करने व आम जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत करवाएंगे। इसके साथ 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रत्येक बूथ व शक्ति केंद्र और प्रत्येक घर में पार्टी का झंडा लगाया जाएगा प्रत्येक मंडल पर कमल संकल्प उत्सव मनाया जाएगा तथा प्रत्येक शक्ति केंद्र संयोजक वह बूथ अध्यक्षों को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर परिचय पत्र प्रदान किया जाएगा कार्यशाला के बाद दोनों जिलों की संयुक्त समंवयक बैठक में आगामी 12 अप्रैल को होने वाले जिला जन आक्रोश घेराव व प्रदर्शन पर विचार विमर्श किया गया और प्रत्येक विधान सभा मे प्रभारी नियुक्त किया गया जिसमें अलवर शहर से रमन गुलाटी अलवर ग्रामीण से रामोतार चौधरी कठूमर से प्रेम धमानी रामगढ से शिवलाल मीणा थानागाजी से देश राज वर्मा राजगढ-लक्ष्मणगढ से हरिशंकर खंडेलवाल को नियुक्त किये गए और सभी 11 विधानसभाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या लाने का आवाह्न किया गया इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी विधानसभा विस्तारक विधान सभा के जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी जिला प्रभारी रोशन लाल सैनी प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज महंत बालक नाथ योगी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पूजा कपिल प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज,अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा बलवान यादव पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना सभापति घनश्याम गुर्जर, दिनेश भार्गव, पूर्व विद्यायक बनवारी लाल सिंघल रामहेत यादव जयराम जाटव,रामकिशन मेघवाल, सोहन लाल सुलानिया जिला महामंत्री पवन जैन, शिवलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष देशराज वर्मा , प्रमोद विजय जिला मंत्री रमन गुलाटी, दीपक पंडित,कृष्ण खंडेलवाल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र गोयल, मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान , राजू सैनी रवि यादव हरीश अरोड़ा बनवारी पटेल सुनील बजाज,आंनद बेनीवाल राजेन्द्र शेखावत, के.के मदान भाजयुमो जिलाध्यक्ष तरुण जैन,किसान मोर्चा अध्यक्ष गोरधन सिंह सिसौदिया,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इब्राहिम खान,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता सैनी ,सोशल मीडिया प्रभारी विजय कोली,जिला मीडिया संयोजक उम्मेद चौहान,यसोधन पाराशर ऋचा भारद्वाज , नितिन कसनिवाल पार्षद सुमन चौधरी,सुनील चौधरी,नरेश यादव भाजयुमो महामंत्री भाविक भाई जोशी,मोहन चौहान जिला मंत्री अमित कश्मीरी कुश कौशिक,राहुल खान, रजत ठाकुरिया,ललित पंवार,अमित जोगी सरपंच भुवेंद्र पटेल मंच संचालन महामंत्री रामोतार चौधरी ने किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# गूगल को मात की तैयारी

चैट जीपीटी एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर आप कुछ भी सवाल पूछते हैं तो उसका जवाब आपको लिखकर दिया जाता है। हालांकि इस समय ओपन ऑल चैट जीपीटी पर और भी कार्य किए जा सकते हैं। जल्द से जल्द इसे लोगों के बीच बड़े पैमाने पर पहुंचाया जाएगा। सोशल मीडिया के तौर पर जिन लोगों ने चैट जीपीटी का उपयोग किया है उन्हें काफी पॉजिटिव रिस्पांस मिला है। जानकार इसे बेहतर टेक्नोलॉजी बता रहे हैं।



## टेक

**30 नवंबर 2022 को चैट जीपीटी को लांच किया**

# दुनिया में टेक्नोलॉजी का नया तहलका चैट जीपीटी

**फिलहाल अंग्रेजी भाषा में ही उपयोग करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूद**

**चैट जीपीटी पर जब यूजर पर कुछ भी सर्च करता है तो उस सवाल का जवाब बिल्कुल विस्तार से प्राप्त होता है।**

**चैट जीपीटी गूगल की तरह ही एक सर्च इंजन है। सीधे शब्दों में कहें तो इसके जरीये आप सरलता से शब्दों के प्रारूप में बात कर सकते हैं**

साइंस डेस्क

*इंटरनेट और टेक्नोलॉजी के जमाने में लगातार अविष्कार होते रहते हैं। आगे भी होते रहेंगे। इसी तरह 30 नवंबर 2022 को लांच किए गए चैट जीपीटी की चर्चा इंटरनेट और टेक्नोलॉजी की दुनिया में तेजी से हो रही है। लोग इसके बारे में जानने को बेताब हैं। कहा जा रहा है कि यह गूगल सर्च को भी टक्कर देने में सक्षम है। चैट जीपीटी एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर आप कुछ भी सवाल पूछते हैं तो उसका जवाब आपको लिखकर दिया जाता है। हालांकि इस समय ओपन ऑल चैट जीपीटी पर और भी कार्य किए जा सकते हैं। जल्द से जल्द इसे लोगों के बीच बड़े पैमाने पर पहुंचाया जाएगा। सोशल मीडिया के तौर पर जिन लोगों ने चैट जीपीटी का उपयोग किया है उन्हें काफी पॉजिटिव रिस्पांस मिला है। आज हम आपको इस रिपोर्ट के जरिये चैट जीटीपी से संबंधित जानकारी देंगे। इसमें बताएंगे कि इसके क्या नुकसान हैं और क्या फायदे हैं। यह इंटरनेट और टेक्नोलॉजी की दुनिया में क्या तहलका मचा सकता है।*




### ये हैं विशेषताएं


- चैट जीपीटी की मुख्य विशेषता यह है कि आपके द्वारा जो सवाल पूछे जाते हैं उनका उत्तर आपको विस्तार से आर्टिकल के रूप में प्राप्त होता है।
- कंटेंट को तैयार करने के लिए चैट जीडीपी का उपयोग किया जा सकता है।
- इसकी सहायता से निबंध, बायोग्राफी, एप्लीकेशन आदि लिखकर तैयार कर सकते हैं।
- पूछा गया किसी भी सवाल का उत्तर रियल टाइम में प्राप्त किया जा सकता है।
- इस पर उपलब्ध सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए यूजर को कोई पैसे नहीं देने होंगे।
- आने वाले समय में लोग अलग-अलग भाषाओं में इसका उपयोग कर सकेंगे।

### चैट जीपीटी के फायदे

- चैट जीपीटी का सबसे बड़ा फायदा यह है कि जब यूजर इस पर कुछ भी सर्च करता है तो उस सवाल का जवाब बिल्कुल विस्तार से प्राप्त होता है। यानी कि यूजर को अपने सवाल की पूरी जानकारी हासिल हो जाती है।
- जब भी हम गूगल पर कुछ सर्च करते हैं तो गूगल हमारे द्वारा सर्च किए गए सवाल से संबंधित अलग-अलग वेबसाइट दिखाता है, लेकिन चैट जीपीटी पर ऐसा नहीं है। यह आपको सीधा ही पूछे गए सवाल का जवाब देता है।
- अगर आप चैट जीपीटी में दी गई जानकारी से संतुष्ट नहीं होते तो आप इसकी जानकारी भी चैट जीपीटी को दे सकते हैं। जिससे चैट जीपीटी अपने रिजल्ट में अपडेट करके डेटा दोबारा से दिखाता है। उसके द्वारा लगातार रिजल्ट को अपडेट किया जाता रहता है।
- यूजर को चैट जीपीटी का उपयोग करने के लिए एक पैसा भी नहीं देना होगा। यूजर्स फ्री में इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### इसके नुकसान

- चैट जीपीटी अभी केवल अंग्रेजी भाषा को ही समझ पा रहा है। इसलिए जो लोग अंग्रेजी भाषा जानते हैं उनके लिए ही यह उपयोगी साबित होगा।
- ऐसे बहुत से सवाल हैं जिसका सटीक जवाब आपको चैट जीपीटी नहीं दे सकता है।
- ट्रेनिंग साल 2022 में ही पूरी हो गई है इसलिए मार्च 2022 के बाद ही अधिकांश घटनाओं की जानकारी शायद आपको यहां पर नहीं मिल सकेंगी।
- यूजर्स इसका इस्तेमाल फ्री में तब तक ही कर सकते हैं जब तक यह रिसर्च पीरियड में है। -रिसर्च पीरियड पूरा हो जाने के बाद यूजर को इसका इस्तेमाल करने के लिए पैसे देने की जरूरत होगी। हालांकि कितने पैसे देने होंगे इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है।



### क्या गूगल को पीछे छोड़ देगा

- चैट जीपीटी तुरंत गूगल को पीछे नहीं छोड़ सकता। क्योंकि वर्तमान में जीपीटी के पास केवल सीमित जानकारी है। ज्यादा ऑप्शन भी नहीं है।
- चैट जीपीटी ओपनएल द्वारा निर्मित किया एक शक्तिशाली भाषा मॉडल है। लेकिन इसे गूगल को बदलने या खत्म करने के लिए लांच नहीं किया है। दोनों अलग-अलग उद्देश्य की पूर्ति करते हैं। उनके अलग फायदे हैं।
- गूगल और चैट जीपीटी का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों और उद्योगों के लिए किया जाता है। सामान्य जानकारी को प्राप्त करने के लिए गूगल का व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है, जबकि चैट जीपीटी का उपयोग चैट बोट और आभासी सहायकों के लिए किया जाता है।
- चैट जीपीटी के द्वारा उतने ही सवालों के जवाब दिए जा सकते हैं, जितने जवाब देने के लिए उसे ट्रेन किया गया है। वहीं गूगल के पास दुनिया भर के अलग-अलग वेब पेजों का एक व्यापक डेटाबेस मौजूद है।

### क्या है चैट जीपीटी

चैट जीपीटी एक भाषा मॉडल है। जो एक बड़ी मात्रा में टेक्स्ट डेटासेट पर प्रशिक्षित किया गया है। अंग्रेजी भाषा में चैट जीपीटी की फुल फॉर्म चैट जेनरेटिव प्रिंटेड ट्रांसफार्मर है। इसका निर्माण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक प्रकार का चैट बोट है। चैट जीपीटी गूगल की तरह ही एक सर्च इंजन है। सीधे शब्दों में कहें तो इसके जरीये आप सरलता से शब्दों के प्रारूप में बात कर सकते हैं और अपने किसी भी प्रकार के सवाल का जवाब अपनी भाषा में प्राप्त कर सकते हैं। 30 नवंबर 2022 को चैट जीपीटी को लांच किया गया है। फिलहाल अभी यह अंग्रेजी भाषा में ही उपयोग करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूद है। अभी तक इसे विश्व भर में हर भाषाओं में लॉन्च नहीं किया गया है।

### सभी भाषाओं में होगा

सूत्रों का कहना है कि चैट जीपीटी बहुत जल्द ही सभी भाषाओं में उपलब्ध होगा। सरल भाषा में बात करें तो हम चैट जीपीटी से जो भी पूछते हैं उसका जवाब ये लिख कर विस्तार में हमें समझाता है यही कारण है कि अधिकांश व्यक्ति चैट जीपीटी के हर भाषाओं में उपलब्ध होने का इंतजार कर रहे हैं। इसके यूजर की संख्या अब तक 2 मिलियन के आसपास पहुंच चुकी है। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।


### कैसे करता है काम

चैट जीपीटी की अधिकारिक वेबसाइट पर विस्तार से जानकारी दी गई है कि यह काम कैसे करता है। चैट जीपीटी को ट्रेन करने के लिए डेवलपर के माध्यम से इसके लिए पब्लिक आधार पर डाटा का उपयोग किया है। इसके साथ ही जो डेटा इस्तेमाल में लाया गया है। उसी में से यह चैट बोर्ड आपके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब ढूंढ़ता है। उसके बाद सही प्रकार से उसका उत्तर और सही लैंग्वेज में क्रिएट करके स्क्रीन पर दिखा देता है। अच्छी बात तो यह है कि आपको यहां पर यह बताने का ऑप्शन भी मिलता है कि आप इसके द्वारा बताए गए जवाब से संतुष्ट है या नहीं। आपके द्वारा दिए गए जवाब के हिसाब से यह अपने डाटा को लगातार अपडेट करता रहता है।

### उपयोग कैसे करें

*चैट जीपीटी का उपयोग करने के लिए आपको इसकी अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना अकाउंट पंजीकृत करना होगा। अकाउंट बनाने के बाद ही आप चैट जीपीटी का उपयोग कर सकेंगे। चैट जीपीटी का उपयोग वर्तमान में बिल्कुल मुफ्त जा सकता है। आधिकारिक वेबसाइट पर चैट जीपीटी अकाउंट बनाने की प्रक्रिया निम्न प्रकार है।*

- सबसे पहले मोबाइल में वेब ब्राउज़र ओपन करें।
- इसके बाद **Chat.openai.com** पर जाएं।
- अब आपके सामने इसका होमपेज आ जाएगा।
- होम पेज पर आपको **Login** और **Sign Up** दो प्रकार के ऑप्शन दिखाई देगा।
- इन दोनों में से **Sign Up** पर क्लिक करना होगा।
- इसके बाद एक नया पेज खुल जाएगा।
- अब इस पेज पर आप **Email ID**, **Google Account** या **Microsoft Account** का उपयोग कर अकाउंट बना सकते हैं।
- आपको अपने **Email Address** को दर्ज करके **Continue** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा।
- इसके बाद मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा।
- ओटीपी नंबर दर्ज कर वेरिफाई करें
- इस प्रकार आपका फोन नंबर वेरिफिकेशन हो जाने के बाद अकाउंट चैट जीपीटी पर बन जाएगा।
- इसके बाद आप इसका उपयोग करना आरंभ कर सकते हैं। यह आपको फिलहाल अंग्रेजी भाषा में जानकारी उपलब्ध करवा सकता है। यह जल्द दूसरी भाषाओं में भी जानकारी देने में सक्षम होगा।



# सड़क हादसों से बचाएगी एप



### सड़क पर गड्ढों और रोड ब्रेकर का पहले ही चल जाएगा पता, मैपल्स एप करेगी बेहतर मदद, कम हो जाएंगे रोड एक्सीडेंट

**टेक डेस्क।** आजकल एक्सीडेंट्स की खबरें काफी सामने आ रही हैं। कई बार एक्सीडेंट्स ऐसी चीजों के चलते हो जाते हैं जिनका पता अगर हमें पहले से हो तो दुर्घटना को रोका जा सकता है। एक ऐसी ऐप है जो आपको रास्ते पर आने वाले गड्ढो, डिवाइडर, टर्न, वन वे, फ्लाईओवर, स्लिप रोड्स आदि की जानकारी देती है। मैपल्स ऐप सड़क दुर्घटना से आपको बचाने के लिए पूरी मदद कर सकती है। यह ऐप क्या-क्या काम कर सकती है ये हम आपको यहां बता रहे हैं।

#### मिलेंगे रियल टाइम अपडेट

- ट्रैफिक को लेकर रियल-टाइम अपडेट
- हाउस लेवल मैप सर्च
- सही वॉयस नेविगेशन

#### ये मिलेंगे सर्विसेज

- एक्सीडेंट से बचने के लिए यह ऐप काफी मददगार है। यहां आपको गार्बेज डंप, खराब स्ट्रीट लाइट्स, पॉटहोल्स, वॉटर लॉगिंग जैसी चीजों का पहले से पता चल जाएगा।
- इसके साथ ही आप यहां से अपनी लोकेशन अपने घरवालों और दोस्तों के साथ शेयर कर सकते हैं।

#### यह भी बताएगा

- आप अपने नजदीकी रेस्त्रां और मॉल्स को ढूंढ सकते हैं। इसके लिए भी कई जगहों को ढूंढा जा सकता है।
- बैंक, पब, कॉफी, पार्किंग, फार्मा आदि को भी ढूंढा जा सकता है।
- इसके साथ ही अगर आप अपने दोस्तों के साथ कोई ट्रिप प्लान कर रहे हैं तो उस -रूट पर पड़ने वाले टोल्स और फ्यूल कॉस्ट का अंदाजा भी इसी से लगाया जा सकता है।
- इसके साथ ही किसी भी जगह की 360 डिग्री व्यू भी देख सकते हैं।


#### ऐप की लोकप्रियता

- इसे गूगल प्ले स्टोर से फ्री में डाउनलोड किया जा सकता है। इसे 5 में से 4 रेटिंग दी गई है। गूगल प्ले स्टोर पर इसके 10 लाख से ज्यादा डाउनलोड्स हैं।

#### कैसे करें इस्तेमाल

ऐप ओपन होने के बादआपको सबसे पहले नीचे दिए गए डायरेक्शन पर टैप करना है। फिर आपको स्टार्ट प्वाइंट और जहां जाना है वहां की लोकेशन सेलेक्ट करें। फिर स्टार्ट पर टैप करना होगा। अब खराब रास्त या पॉटहोल्स जैसी जगहों को देखने के लिए आपको जहां टाइम दिया गया होगा उसके बराबर में दिए गए आइकन पर टैप करना होगा और आपको यहां से ये सभी जानकारी मिल जाएगी।

# खास टेक्नोलॉजी : अब ऑनलाइन किस भी कर पाएंगे



**साइंस डेस्क।** चीन में एक विश्वविद्यालय ने एक एक यूनीक किसिंग डिवाइस का आविष्कार किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चांगझौ वोकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेक्ट्रोनिक टेक्नोलॉजी द्वारा बनाए गए इस आविष्कार का पेटेंट कराया गया है। इस डिवाइस को उन लोगों के लिए पेश किया गया है जो लॉन्ग डिस्टेंस कंपल्स के लिए फिजिकल इंटीमेसी का रियल एहसास उपलब्ध कराएगी। आउटलेट के अनुसार, सिलिकॉन लिप्स के साथ यूनीक किसिंग डिवाइस प्रेशर सेंसर और एक्ट्यूएटर्स से लैस है। ऐसा कहा जाता है कि लोगों के लिप्स के प्रेशर, स्पीड और टैम्प्रेचर को कॉपी करके एक एक्चुअल किसिंग की नकल करने में सक्षम है। किसिंग स्पीड के अलावा, यह डिवाइस यूजर्स द्वारा निकाली जाने वाली आवाज को भी ट्रांसमिट कर सकता है। डिवाइस का इस्तेमाल करने के लिए, यूजर्स को बस एक मोबाइल ऐप डाउनलोड करना होगा और डिवाइस को फोन के चार्जिंग पोर्ट में प्लग करना होगा। ऐप पर पार्टनर के साथ डिवाइस को पेयर करने के बाद, एक वीडियो कॉल करनी होगी और अपने किस के रेपलिका को ट्रांसमिट कर सकते हैं। इस डिवाइस के प्रमुख इन्वेंटर जियांग झोंगली ने बताया कि वो अपनी प्रेमिका के साथ लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में थे, इसलिए हम केवल फोन के जरिए ही एक-दूसरे से कॉन्टैक्ट करते थे। इसके बाद इस डिवाइस की प्रेरणा उत्पन्न हुई। आउटलेट के अनुसार, जियांग ने 2019 में पेटेंट के लिए आवेदन किया था, लेकिन पेटेंट जनवरी 2023 में खत्म हो गया। अब उन्हें उम्मीद है कि इस डिवाइस में जो भी व्यक्ति रुचि रखता है वो इसमें विस्तार और सुधार कर सकता है।

# फोन पर बिताती थी 14 घंटे, अब व्हीलचेयर पर गुजर रही जिंदगी



**साइंस डेस्क।** क्या आपने सुना है कि किसी इंसान को कोई बीमारी न हो लेकिन फिर भी वो व्हीलचेयर पर जाने को मजबूर हो जाए। आप कहेंगे कि ऐसा कैसे हो सकता है। कुछ न कुछ बीमारी तो हुई होगी। लेकिन यहां एक ऐसा किस्सा जिसमें एक लड़की सिर्फ इसलिए व्हीलचेयर पर चली गई क्योंकि वो दिन के चौदह घंटे फोन पर बिताती थी। फेनिला फॉक्स नाम की इस लड़की के साथ जो हुआ सुनकर लोग चौंक गए हैं। दरअसल फेनिला फॉक्स एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। इंस्टाग्राम पर इनके डेढ़ लाख से अधिक फॉलोवर हैं। इतना ही नहीं सोशल मीडिया के जरिए महीने में करीब इनकी कमाई करीब 15 हजार डॉलर के आसपास थी। 2021 की शुरुआत में फॉक्स पुर्तगाल में रह रही थीं, जब उन्हें सिर और गर्दन में दर्द की शिकायत शुरू हुई। वो डॉक्टरों से मिलीं लेकिन शुरू में डॉक्टर उनकी बीमारी को पकड़ नहीं पाए। दूसरी तरफ लगातार फॉक्स की तबीयत खराब होने लगी। ऐसे में उन्होंने पुर्तगाल से ब्रिटेन जाने का फैसला लिया जहां उनके माता-पिता रहते थे। पुर्तगाल से ब्रिटेन जाने के दौरान एयरपोर्ट पर ही फॉक्स की आंखों के सामने अंधेरा छाने लगा। उनकी दिक्कतें बढ़ गईं और उन्हें व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ा। ब्रिटेन में फॉक्स के माता-पिता ने डॉक्टरों से बात की। लेकिन ब्रिटेन के डॉक्टरों को भी फॉक्स की बीमारी का कुछ अंदाजा नहीं लग रहा था। अचानक फॉक्स के पिता ने एक दिन साइबर सिकनेस के बारे में पढ़ा।

# चीनी पुलिस में गिलहरियों की भर्ती

*कुत्तों की तुलना में छोटी और ज्यादा फुर्तीली, गिलहरियों को प्रशिक्षण देकर फोर्स में शामिल किया जा रहा, छोटे आकार और फुर्तीले गुणों की वजह से बढ़ी उपयोगिता, सूंघने की विशेष क्षमता के कारण एयरपोर्ट, स्टेशनों पर तैनात करेंगे*

**साइंस डेस्क।** पुलिस में जानवरों की भर्ती नई बात नहीं हैं। जहां पहले घोड़े पुलिस का अभिन्न अंग हुआ करते थे, वहीं कुत्तों ने भी पुलिस का साथ नहीं छोड़ा है। कई जगहों पर चूहों को भी प्रशिक्षित किया गया है, लेकिन वे केवल कार्य विशेष के लिए ही उपयोग में लाए जा रहे हैं, लेकिन चीन ने अब गिलहरियों को प्रशिक्षण देकर अपनी पुलिस फोर्स में शामिल करने की तैयारी कर ली है। चीनी पुलिस का कहना है कि इनका छोटा आकार और फुर्तीलापन इनके सूंधने की क्षमता में एक अतिरिक्त क्षमता पैदा करता है।



#### कुत्तों की उपयोगिता

अभी यह साफ नहीं है कि क्या पुलिस की गिलहरियों को कुत्तों से बदलने की कोई योजना है या नहीं। सामान्य तौर पर माना जाता है कि कुत्ते एक बेहतर पहरेदार होते हैं और सबसे ज्यादा चौकन्ने जानवर भी होते हैं, लेकिन साथ में उनकी अजनबियों के प्रति बर्ताव, अपराधियों को डराने के लिए उपयोगिता, और मालिक के आदेशों का पालन करने का बर्ताव उन्हें पुलिस से दूर कर दे,यह संभव नहीं लगाता है।

#### क्यों की जा रही है भर्ती

एक चीनी शहर में बहुत सारी गिलहरियों को नशीले पदार्थों को पहचानने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है और उन्हें जल्दी ही चीन पुलिस फोर्स में तैनात भी कर दिया जाएगा। इनकी तैनाती ट्रेन के स्टेशनों, एयरपोर्ट, वेयरहाउसेस, सीमा चौकियों और चेकप्वाइंट्स, जैसी सारी जगहों पर की जाएगी जहां ड्रग्स की तलाश की जाती है।

#### क्या कुत्तों से बेहतर

यह शायद पहली बार है कि दुनिया की किसी पुलिस में कुत्तों की जगह गिलहरियों का उपयोग किया जा रहा है। दक्षिण पश्चिमी चीन में एक पुलिस यूनिट से इसकी शुरुआत हो रही है, जिसमें एक बड़े और प्रमुख नारकोटिक विभाग में इन गिलहरियों की तैनाती की जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इनका आकार और फुर्ती इन्हें कुत्तों से बेहतर बनाती है।

#### छह खास गिलहरियों की पहचान

चीन में जो गिलहरियों का पहला प्रशिक्षित समूह तैयार होगा उसे दक्षिण पश्चिम चीन के चोंगक्विंग नगरपालिका में एक कॉम्पलेक्स में नशीले पदार्थों की तलाशी के लिए तैनात किया जाएगा। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक छह एंटी ड्रग्स यूरोशियन लाल गिलहरियों की उनकी नशीले पदार्थ की खोजने की क्षमताओं के कारण प्रतिष्ठित वैज्ञानिक खोज संस्थानों ने पहचान की है।

#### परिपक्व नहीं हैं हम प्रशिक्षण में

चीन के प्रमुख अखबार ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट में चोंगक्विंग के हेचुआन पुलिस सिक्योरिटी ब्यूरो में पुलिस के कुत्तों की ब्रिगेड की देखरेख करने वाली यिन जिन ने बताया कि गिलहरियों के पास बहुत अच्छी सूंघने की क्षमता होती है, लेकिन हम इंसान कुतरने वाले जानवरों को प्रशिक्षित करने में कम परिपक्व रहे हैं।

#### छोटी जगहों के अंदर जाने की क्षमता

कुत्तों की जगह गिलहरियों के चुनाव की प्रमुख वजह उनका छोटा होना बताया जा रहा है जिसकी वजह से वे ऐसी जगहों पर जा सकती हैं जहां कुत्ते नहीं जा सकते हैं। वे नशीले पदार्थों और गैर कानूनी पदार्थों को जटिल वातावरण में कोने कोने में सूंघ कर उन्हें खोजने में ज्यादा कारगर हो सकते हैं। यिन जिन का कहना है कि गिलहरियों ने अभी तक अपने काम को बेहतरीन अंजाम दिया है। उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम बरसों के शोध का नतीजा था. उनकी सूंघने की क्षमता भी बहुत ही अच्छी पाई है जो नशीले पदार्थों की खोज के लिहाज से बहुत ही अच्छी कही जा सकती है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।




## 'गैसलाइट' के थ्रिलर ने दिलाई हॉलीवुड फिल्मों की याद, सारा ने जीता दिल

'गैसलाइट' फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे चुकी है। वहीं, इस मूवी को देख लोग सारा अली खान की एक्टिंग के मुरीद हो गए हैं। सारा अली खान, विक्रांत मैसी और चित्रांगदा सिंह स्टारर फिल्म 'गैसलाइट' 31 मार्च 2023 से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने लगी है। यह फिल्म रिलीज के साथ ही ट्विटर पर ट्रेंड कर रही है। वहीं, सारा ने अपनी शानदार एक्टिंग के साथ हर किसी का दिल जीत लिया है। फिल्म को देखने के बाद फैंस ट्विटर पर अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। आइए जानते हैं कि दर्शकों को यह फिल्म कितनी पसंद आ रही है- 'गैसलाइट' की स्टार कास्ट सारा अली खान, विक्रांत मैसी और चित्रांगदा सिंह ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। खासकर लोगों को सारा की एक्टिंग काफी पसंद आ रही है।

### लाइफ Style

## काजल अग्रवाल निकाल दी इंडस्ट्री की कमी



मुंबईया सिनेमा और दक्षिण भारतीय सिनेमा में तगड़ा मुकाबला चल रहा है। यूं तो मुंबईया सितारे साउथ की फिल्मों और साउथ के सितारे हिंदी फिल्मों में डेब्यू करते नजर आ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी नॉर्थ वर्सेज साउथ सिनेमा की डिबेट बढ़ती जा रही है। बीते लंबे समय से मुंबई की इक्की-दुक्की फिल्में ही दर्शकों का दिल जीत पा रही हैं और बाकी फ्लॉप की सूची में जुड़ती चली जा रही हैं। वहीं, अब इस डिबेट पर दोनों इंडस्ट्री में काम कर चुकीं एक्ट्रेस काजल अग्रवाल चुप्पी तोड़ इनके बीच का अंतर बताती नजर आई हैं।

**मुंबई।** गुरुवार को काजल अग्रवाल एक मीडिया समिट का हिस्सा बनीं। इसी दौरान एक्ट्रेस ने हिंदी सिनेमा और दक्षिण के चारों उद्योग- तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम के बीच अंतर के बारे में बात की। काजल ने कहा, 'ऐसे बहुत से लोग हैं जो हिंदी में अपना करियर शुरू करना चाहते हैं क्योंकि यह अधिक राष्ट्रव्यापी मान्यता प्राप्त भाषा है। यह कहने के बाद कि, हां साउथ एक बहुत ही अनुकूल इंडस्ट्री है।'

काजल अग्रवाल ने साउथ इंडस्ट्री की तारीफ करते हुए आगे कहा, 'यह बहुत स्वीकार्य है, दक्षिण में शानदार तकनीशियन हैं, अद्भुत निर्देशक और अभूतपूर्व सामग्री है जो सभी चार भाषाओं- तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में उत्पन्न होती है।' काजल अग्रवाल ने अपनी बात में आगे जोड़ा, 'बेशक, हिंदी हमारी मातृभाषा रही है। हम हिंदी फिल्में देखते हुए बड़े हुए हैं। यह स्वीकार करती रही हूं कि यह मुझ पर भी बेहद मेहरबान रहा है, लेकिन मैं साउथ इंडस्ट्री के ईको-सिस्टम, नैतिकता, मूल्यों, अनुशासन को पसंद करती हूं, जिसकी मुझे हिंदी सिनेमा में कमी लगती है।'

काजल का यह बयान सामने आते ही सुर्खियों में छा गया है। कई लोगों ने काजल के बयान की प्रशंसा की, तो कुछ लोग इस पर चुटकी लेते नजर आए। नेटिजन्स का मानना है कि इस बयान के बाद फिर से बॉलीवुड और साउथ के बीच अनावश्यक जंग छिड़ जाएगी।

### हॉलीवुड मसाला



## मैसी विलियम्स की रंगत हुई वायरल

**मुंबई।** गेम ऑफ थ्रोन्स की आर्या स्टार्क यानी हॉलीवुड एक्ट्रेस मैसी विलियम्स इन दिनों भारत में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर मुंबई से एक वीडियो शेयर कर इसकी जानकारी अपने फैंस के साथ साझा की है। जहां वो इंडियन डेकोरेशन देखकर हैरान रह गईं। इस क्लिप में वो बता रही हैं कि मुंबई में एक होटल रूम में हैं और पेंटिंग व सजावट देखकर बेहद खुश हैं। उनके लिए वहां गिफ्ट्स भी मौजूद हैं। एक्ट्रेस के माथे पर टीका और गले में माला भी है। इस वीडियो में अभिनेत्री अपना कमरा दिखाती हैं। वह भगवान कृष्ण की तस्वीर की तरफ इशारा करती हैं, जो दीवार पर होती है।



## 'सिटाडेल' का नया ट्रेलर रिलीज, दर्शकों को भा गया

रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित 'सिटाडेल' एक स्पाई थ्रिलर सीरीज है। कुछ दिनों पहले इसका पहला ट्रेलर रिलीज हुआ था, वहीं सीरीज का दूसरा ट्रेलर भी फैंस के सामने आ गया है। इस थ्रिलर की कहानी प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन के ईर्द-गिर्द घूमती है। दोनों ही सीरीज में एजेंट्स की भूमिका निभा रहे हैं। सामने आए इस नए ट्रेलर ने फैंस के बीच सीरीज की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। दरअसल, दूसरा ट्रेलर रिलीज किए गए पहले ट्रेलर से भी ज्यादा धमाकेदार है। एक्शन और इमोशनंस से भरपूर इस ट्रेलर में प्रियंका और रिचर्ड मैडेन को उनका कोई करीबी धोखा देता है। ट्रेलर में प्रियंका एक से बढ़कर एक एक्शन सीक्वेंस करती नजर आ रही हैं, जिन्हें देखकर फैंस सीटियां बजा रहे हैं। ट्रेलर ने सभी को दीवाना बना दिया है और सोशल मीडिया यूजर्स प्रियंका चोपड़ा की तारीफ कर रहे हैं।



## हिंदी सिनेमा में एक और साउथ सितारे की दस्तक

**चेन्नई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के एक और युवा अभिनेता ने हिंदी सिनेमा में कदम धर दिया है। सेट मैक्स चैनल पर टीआरपी के मामले में लगातार अव्वल नंबर रहने वाले अभिनेता बेल्लमकोंडा साई श्रीनिवास की पहली फिल्म 'छत्रपति' का टीजर रामनवमी के दिन रिलीज हो गया। एसएस राजामौली की तेलुगू फिल्म 'छत्रपति' के इस हिंदी रीमेक से फिल्म की टीम को बड़ी उम्मीदें हैं। मूल फिल्म 'छत्रपति' में मुख्य भूमिका प्रभास ने निभाई थी। मूल फिल्म 'छत्रपति' की कहानी एक युवा शिवाजी और उसके परिवार की है। शिवा के परिवार को श्रीलंका में उसके समुदाय से अलग कर दिया जाता है और विशाखापट्टनम में उन्हें बंधुआ मजदूर बनाकर रखा जाता है। तब शिवा अन्याय के खिलाफ खड़ा होता है और लोगों को इंसाफ दिलाने की कोशिश करता है। इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली और इसे सुपरहिट करार दिया गया। अब यही कहानी हिंदी सिनेमा में निर्माता जयंतीलाल गडा पेश करेंगे।



## रजनीकांत की 'बाबा' फ्लॉप होने के बाद नहीं मिला साउथ में काम

**मुंबई।** मनीषा कोइराला को 90 के दशक की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रों में शामिल किया जाता है। अपने एक्टिंग करियर में उन्होंने अब तक कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। हिंदी के अलावा वह तमिल, तेलुगू भाषाओं की फिल्में भी कर चुकी हैं। साउथ की बॉम्बे, इंडियन और मुधालवन जैसी सुपरहिच फिल्मों में वह अपने अभिनय का जलवा दिखा चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि कैसे एक फिल्म की वजह से उनका साउथ इंडस्ट्री का करियर पूरी तरह खत्म हो गया। अपने हालिया इंटरव्यू में इस बारे में बात करते हुए मनीषा ने बताया कि साल 2002 में बाबा के फ्लॉप होने का बहुत बुरा असर उनके करियर पर पड़ा। अभिनेत्री ने कहा, "बाबा शायद मेरी आखिरी बड़ी तमिल फिल्म थी। यह उन दिनों बहुत बुरी तरह से फ्लॉप हुई थी। फिल्म से बहुत सारी उम्मीदें थीं और जब यह फ्लॉप हो गई, तो मुझे दक्षिण फिल्मों के ऑफर मिलने बंद हो गए।

### टीवी मसाला

## सुनील ग्रोवर छह साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने को तैयार



**मुंबई।** द कपिल शर्मा शो के किरदार गुत्थी को लोगों ने खूब पसंद किया था। इस किरदार में सुनील ग्रोवर ने जान डाल दी थी। गुत्थी ने लोगों को जमकर एंटरटेन किया था। हालांकि कपिल के साथ झगड़े के बाद सुनील ग्रोवर ने यह शो छोड़ दिया था। बीते काफी वक्त से सुनील ग्रोवर टीवी की दुनिया से गायब चल रहे हैं। इस बात को लगभग छह साल से ज्यादा का वक्त बीत चुका है और एक्टर इस बीच किसी भी टीवी शो में नजर नहीं आए हैं। हालांकि वह जल्द ही शाहरुख खान की फिल्म जवान में अभिनय करते हुए नजर आने वाले हैं। वहीं, एक्टर ने टीवी इंडस्ट्री पर वापसी को लेकर बात की है।

दरअसल, हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान एक्टर कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने टीवी की दुनिया में वापसी को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि टीवी एक बहुत बड़ा माध्यम है। मैं आज जो कुछ भी हूं वह सिर्फ और सिर्फ टीवी जगत के कारण ही हूं। मैं बहुत बेसब्री से टेलीविजन पर वापसी करना चाहता हूं, जिसको लेकर तैयारी में जुटा हूं और इस बीच अगर मेरे पास कोई भी बेहतरीन ऑफर आता है, तो मैं बिना किसी देरी के टीवी पर वापसी करूंगा।

## 'अनुपमा' फेम रूपाली गांगुली ने हेटर्स की लगाई क्लास



**मुंबई।** रूपाली गांगुली और गौरव खन्ना स्टारर 'अनुपमा' शो इन दिनों काफी सुर्खियों में है। शो अपने आगामी ट्रैक की वजह से दर्शकों के निशाने पर आ चुका है। इतना ही नहीं, 'अनुपमा' की टीआरपी रेटिंग में भी गिरावट देखने को मिल रही है। दरअसल, शो में इन दिनों दिखाया जा रहा है कि अनुज और अनुपमा एक-दूजे से अलग हो चुके हैं। सोशल मीडिया पर इस चीज को लेकर रूपाली गांगुली को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है, अब एक्ट्रेस ने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। अनुपमा शो को देखने वाली ऑडियंस की बात करें तो पुरुषों से ज्यादा घर की महिलाएं इस शो को देखना पसंद करती हैं। इन महिलाओं पर शो का खुमार इस तरह चढ़ा हुआ है क यदि कोई उन्हें अनुपमा देखने से मना करता है तो उस व्यक्ति को साक्षात चंडी के दर्शन हो जाते हैं। आप ने अंदाजा लगा ही लिया होगा कि अनुपमा की फैन फॉलोइंग कितनी तगड़ी है।

## अनुष्का को करना पड़ा सेल्स टैक्स विभाग की नाराजगी का सामना



**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा इन दिनों चर्चा में बनी हुई हैं। हालांकि उनके चर्चा में रहने का विषय कोई फिल्म नहीं बल्कि उनका टैक्स न चुकाना है। जिस वजह से हाल ही में उनपर सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट ने शिकंजा कसा है। सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट ने हाल ही में साल 2012 और 2016 में एक्ट्रेस के खिलाफ एक्शन लिया था। उन्हें कुछ टैक्स जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। अनुष्का ने उस नोटिस को ही चुनौती दी थी। इस मामले में अब नया अपडेट सामने आया है।

दरअसल अनुष्का शर्मा ने पिछले दिनों अपनी हर स्टेज परफॉर्मेंस और अवॉर्ड सेरेमनी में अपनी प्रेजेंस पर कॉपीराइट लिया है। इसके बाद उनके वीडियो को कोई भी इस्तेमाल करेगा तो उसकी कमाई अनुष्का के पास जाएगी। इसपर अनुष्का को टैक्स देना पड़ता है। इस मामले में सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट मुंबई ने बंबई हाई कोर्ट में अनुष्का शर्मा के इस मामले पर अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि अनुष्का शर्मा पुरस्कार समारोह या मंच पर अपनी परफॉर्मेंसेस पर कॉपीराइट की पहली मालिक हैं, इसलिए जब उन्हें इससे कमाई होती है तो उन्हें सेल्स टैक्स का भुगतान करना होता है यह उनकी जिम्मेदारी है। दिसंबर 2022 में अनुष्का ने अपने टैक्सेशन कंसल्टेंट की हेल्प से टैक्स से जुड़ी दो याचिकाएं दाखिल कराई थीं।

## 'दशहरा' की बंपर ओपनिंग, पहले दिन करोड़ में कमाई





**मुंबई।** साउथ के नेचुरल स्टार कहे जाने वाले नानी की फिल्म 'दशहरा' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रिलीज से पहले ही इस फिल्म का दर्शकों के बीच काफी क्रेज था और अब जब 'दशहरा' दस्तक दे चुकी है तो इसे अच्छी समीक्षा मिली है। साथ ही फैंस फिल्म की कहानी और कलाकारों की अदाकारी की खूब तारीफ कर रहे हैं। फिल्म के पहले दिन सिनेमाघरों में काफी भीड़ देखने को मिली है। वहीं, अब फिल्म के ओपनिंग डे के कलेक्शन के शुरुआती आंकड़ें भी सामने आ चुके हैं। चलिए जानते हैं पहले दिन फिल्म ने टिकट खिड़की पर कितने रुपये बटोरे हैं।

रिलीज के पहले दिन ही 'दशहरा' ने बंपर ओपनिंग ली है। फैंस का फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म की कमाई की बात करें तो शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, नानी और कीर्ति की फिल्म 'दशहरा' ने बॉक्स ऑफिस पर 17 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है। नानी की फिल्म 'दशहरा' के साथ आज बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और तब्बू की 'भोला' भी रिलीज हुई है। 'भोला' से क्लैश के बावजूद 'दशहरा' बॉक्स ऑफिस पर बाजी मार गई। नानी की दमदार अदाकारी को फैंस पसंद कर रहे हैं। एक्शन से भरपूर फिल्म में नानी का अलग लुक फैंस को देखने को मिल रहा है। बंपर ओपनिंग के बाद फिल्म के कलेक्शन में और उछाल आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## इस अप्रैल टेंपरेचर बढ़ाएगी 'गर्मी' पॉलिटिक्स और क्राइम का कॉकटेल



पान सिंह तोमर फेम फिल्म डायरेक्टर तिग्मांशु धूलिया इन दिनों अपनी नई वेब सीरीज 'गर्मी' को लेकर सुर्खियों में हैं। गर्मी का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह अप्रैल में ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीम की जाएगी। टीजर को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। यह वेब सीरीज पॉवर, पॉलिटिक्स और क्राइम का गजब का कॉकटेल माना जा रहा है जिसके लिए तिग्मांशु को जाना जाता है।

बता दें कि वेब सीरीज 'गर्मी' के टीजर को सोनी लिव के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज शेयर किया गया है। इस सीरीज के टीजर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है कि- "इस अप्रैल गर्मी का एक्सपीरियंस करने के लिए तैयार रहें! गर्मी अरविंद शुक्ला की कहानी है, जो एक सिविल सर्वेंट बनने की आकांक्षाओं के साथ अपने होमटाउन से बाहर निकलता है, लेकिन कॉलेज की राजनीति, पावरप्ले और अपराध की दुनिया का सामना करता है। गर्मी जल्द ही केवल सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग होगी।

पुलिस वर्सेज विद्रोही के तिग्मांशु धूलिया के लहजे का सार रखते हुए सीरीज की शुरुआत अरविंद शुक्ला के कैरेक्टर के साथ होती है जो पहले दिन कॉलेज जाता है और जब सीनियर्स उसकी रैगिंग करने की कोशिशकरते हैं तो वह उनकी पिटाई कर देता है और कहता है कि परिचय करना है तो प्यार से करो ना। कहानी के साथ आगे बढ़ते हुए, शुक्ला सभी मुश्किलों से लडता है और यूनिवर्सिटी का हीरो भी बन जाता है। इसके बाद वह राजनीति में शामिल होने की योजना बनाता हैं।

### परदे पर असर नहीं पड़ा इन कलाकारों की निजी जिंदगी का

## ब्रेकअप के बाद स्क्रीन साझा करते नजर आएं एक्स स्टार कपल

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के सितारे अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल जिंदगी में तालमेल बिठाना बखूबी जानते हैं। इंडस्ट्री के तमाम ऐसे सेलिब्रिटी कपल हैं, जो लंबे समय तक रिश्ते में रहें, लेकिन आगे चलकर इन्होंने अलग होने का फैसला कर लिया। हालांकि, कुछ सितारे ऐसे भी हैं जिन्होंने अपनी पर्सनल जिंदगी के बुरे लम्हों की आंच अपनी प्रोफेशनल जिंदगी पर नहीं आने दी। ये सितारे रिश्ता खत्म होने के बाद अपने एक्स के साथ फिल्म में नजर आएं और सिनेमाघरों में धमाल मचा दी। इन सितारों में सलमान खान से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक का नाम शामिल है।

**सलमान-कटरीना**

रिपोर्ट की मानें तो, सलमान खान और कटरीना कैफ 7 साल के लंबे रिश्ते में रहे थे। हालांकि, सलमान के गुस्से की वजह से कटरीना उनसे दूर होने लगीं और उन्होंने ब्रेकअप रणबीर कपूर को डेट करना शुरू कर दिया था। फिलहाल कटरीना, विक्की कौशल के साथ शादी के बंधन में बंध चुकी हैं और दोनों अपनी शादीशुदा जिंदगी को सफल तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं, सलमान-कटरीना की बात करें तो इन्होंने रिश्ता खत्म होने के बाद काम के मोर्चे पर कोई मनमुटाव नहीं रखा। दोनों सितारों ने ब्रेकअप के बाद भी कई फिल्मों में साथ काम किया। अब यह एक्स कपल जल्द ही 'टाइगर 3' में नजर आने वाला है।



**रणबीर-कटरीना**

रणबीर कपूर और कटरीना कैफ का प्यार 'अजब प्रेम की गजब कहानी' के दौरान गहराया था। हालांकि, रणबीर कपूर और कटरीना का यह रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल पाया और दोनों ने समय रहते अपनी राहें अलग कर लीं। गौरतलब हो कि कटरीना-रणबीर ब्रेकअप के बाद फिल्म 'जग्गा जासूस' में साथ नजर आए थे।

**रणबीर-दीपिका**

रणबीर कपूर फिल्म 'बचना ए हसीनों' की शूटिंग के दौरान दीपिका पादुकोण के करीब आए थे। इन दोनों का रिश्ता जग-जाहिर था। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों रिलेशनशिप में भी रहे लेकिन दो साल बाद बढ़ते लड़ाई-झगड़ों को देख इन्होंने ब्रेकअप करने का फैसला कर लिया। वहीं, ऑन-स्क्रीन भी यह जोड़ी लोगों को काफी पसंद आती थी। यही नतीजा रहा कि दोनों ने अपने आपसी मतभेद को दूर रखते हुए इंडस्ट्री को 'ये जवानी ये दीवानी' और 'तमाशा' जैसी फिल्में दीं।

**शाहिद-प्रियंका-करीना**

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड इंडस्ट्री तक में अपनी पहचान बनाने वालीं एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा, शाहिद कपूर संग अपने रिश्ते को लेकर खूब सुर्खियों में थीं। इनका प्यार फिल्म 'कमीने' के दौरान परवान चढ़ा था। हालांकि, इनके रिश्ते ने भी समय के साथ दम तोड़ दिया। वहीं, इस एक्स कपल को अलग होने के बाद फिल्म 'तेरी मेरी कहानी' में साथ देखा गया।

शाहिद कपूर और करीना कपूर एक समय पर बेहद सीरियस रिलेशनशिप में रहे थे। दोनों कैमरे के सामने भी एक-दूजे के लिए अपना प्यार जाहिर करते देखे जाते थे। हालांकि, इनके रिश्ते में भी खटास आनी शुरू हो गई और देखते ही देखते यह लविंग कपल एक-दूसरे से अलग हो गया। इनके ब्रेकअप से फैंस को तगड़ा झटका लगा था। वहीं, यह एक्स कपल अलग होने के बाद भी स्क्रीन साझा करते देखे गए। दोनों ने फिल्म 'उड़ता पंजाब' में साथ काम किया था।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com